

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मै परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 212, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 :13


बरेली, रविवार, 22 जून 2025


भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा... 14

## एक नजर

### उम्मीदवार को अयोग्य ठहराने पर एम्स दे राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6.15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये भी बरामद किए हैं।

### आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग एक पॉज बटन :मोदी

## प्रधानमंत्री ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है।



विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री मोदी।


### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3.03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर रहा शोर



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग-रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

- डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश

विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।



एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

## इंडिगो की फ्लाइट की हुई बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गुवाहाटी से चेन्नई को जा रहे विमान में कम हो गया था ईंधन
- पायलट ने फ्यूल मेडे की कॉल देकर मांगी लैंडिंग की अनुमति

इंडिगो एयरलाइंस के गुवाहाटी से चेन्नई जा रहे एक विमान को शनिवार सुबह ईंधन की कमी के कारण विशष परिस्थिति में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा।

एयरलाइंस के सूत्रों ने बताया कि विमान में ईंधन भरने के बाद नए चालक दल के साथ दो घंटे बाद विमान चेन्नई रवाना हुआ। सूत्रों ने बताया कि विमान को करीब 07 बजकर 40 मिनट पर चेन्नई पहुंचना था लेकिन हवाई अड्डे पर उड़ानों की भीड़ होने के कारण उसे उतरने की अनुमति नहीं मिली। इस दौरान विमान का ईंधन कम हो गया। पायलट ने विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया और वहां उसने 'फ्यूल मेडे' (ईंधन संकट) की कॉल देकर तुरंत उतरने की इजाजत मांगी जिसके बाद एयरबस विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सवा आठ बजे सुरक्षित उतार लिया गया। विमान में ईंधन भरने में करीब दो घंटे लगे जिसके बाद विमान नए चालक दल के साथ चेन्नई के लिए प्रस्थान कर गया।






अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास में शामिल लोग। ● अमृत विचार



योग करते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार



योग कार्यक्रम में ध्यान मुद्रा में बैठे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, जनपद की नोडल अधिकारी माला श्रीवास्तव, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

# योग को बनाएं जीवन का हिस्सा, बच्चों में डालें योग का संस्कार

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किया योग, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर हुआ कार्यक्रम

● गुरुकुल आश्रम के बच्चों ने किया आकर्षक योग प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर अत्यंत उत्साह एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया गया। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जीएफ कॉलेज मैदान में किया गया, जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली छात्रों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद रहे।



पुलिस लाइन में कर्मचारियों के साथ योग करती एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किए जाने के साथ हुई।

मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद ने कहा कि हम प्रतिदिन योग को अपने जीवन में अपनाएंगे आज इस बात का प्रण लेने का दिन है। उन्होंने योग को स्वस्थ भारत, सशक्त भारत की दिशा में एक अत्यंत आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समय निकालकर योग अवश्य करेंगे। सशक्त एवं स्वस्थ भारत के लिए योग बहुत जरूरी है। योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, अपने बच्चों में योग का संस्कार डालें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के योग दिवस पर आधारित संदेश का सीधा प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। गुरुकुल आश्रम के बच्चों द्वारा आकर्षक योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। 15 से 21 जून तक चले योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित स्लोगन लेखन, निबंध लेखन एवं योग प्रदर्शन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन न होकर जीवनशैली का अंग होना चाहिए। उन्होंने "योग अपनाएं, स्वस्थ समाज बनाएं" का आह्वान करते हुए सभी को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खनन विभाग की सचिव एवं जिले की नोडल अधिकारी माला श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव, सहित अन्य गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों को पौधों का भी वितरण किया गया।



योग प्रदर्शन करते स्काउट-गाइड कैडे्स, साथ में खड़ी बीएसए दिव्या गुप्ता, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

### पुलिस लाइन में एएसपी ग्रामीण ने कराया योगाभ्यास

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में सीधी भर्ती-2023 के रिक्रूट आरक्षीगण ने सक्रिय सहभागिता की। एएसपी ग्रामीण ने नियमित योग को दैनिक जीवन में सम्मिलित करने का आह्वान किया। योगाभ्यास के दौरान प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान पर विशेष बल दिया गया, जिससे शारीरिक सुदृढ़ता के साथ मानसिक शांति की अनुभूति प्राप्त हो सके। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और रिक्रूट आरक्षियों ने पूर्ण समर्पण एवं अनुशासन के साथ अभ्यास किया।

### प्रधानमंत्री ने शुरू किया था योग दिवस, विश्व में बजा डंका: सांसद

**शाहजहांपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरुण सागर ने मेडिकल कालेज परिसर जिगनेरा में छात्र-छात्राओं के साथ योग किया। इसके अलावा वृंदावन गार्डन कालोनी में कालोनी वासियों के साथ भी योगा किया। इस दौरान उन्होंने सभी को योग के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि जहां योग है, वहां स्वास्थ्य है और जहां स्वास्थ्य है, वहीं आनन्द है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में योग की शुरुआत कराई थी। उसके बाद से योग की अहमियत के बारे में सिर्फ देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व ने समझा है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया योग

**तिलहर।** नगर पालिका के कम्युनिटी हाल में अधिकारियों, समाजसेवियों एवं पालिका कर्मचारियों ने योग किया। शनिवार की सुबह योग प्रशिक्षकों के द्वारा लोगों को कई योग कराए गए। प्रशिक्षकों ने सभी से योग को अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस दौरान एसडीएम रविंद्र कुमार, तहसीलदार जयप्रकाश यादव, ईओ कल्पना शर्मा, सभासद अभिषेक सिंह, संदीप रस्तोगी, अयूब हुसैन, इस्लाम अली, सुमित कुमार, दीपक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### हर कुमार पाठक कन्या कॉलेज में मनाया योग दिवस

**शाहजहांपुर।** श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य ब्यूटी ने प्राणायाम, आसन, ध्यान आदि समुचित जानकारी प्रदान की। कॉलेज के नियुक्ति प्राधिकारी प्रबंधक संजीव शुक्ला के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मीना, अंजू, पल्लवी, सिद्धार्थ व मनोज आदि उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर विशेष

### रोज़ा टाउनशिप में 200 लोगों ने किया योग



**शाहजहांपुर।** भारतीय योग संस्थान के सहयोग से रोज़ा पावर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोज़ा पावर के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर के ने किया। रोज़ा पावर के क्रिकेट ग्राउंड पर इस भव्य आयोजन में छोटे बच्चों एवं महिलाओं समेत लगभग 200 लोगों ने प्रतिभाग किया। स्टेशन डायरेक्टर ने कहा कि नियमित और विधि पूर्वक योगाभ्यास से रोगों को काफ़ी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। रोज़ा पावर के शुवेंदु डे ने योग साधना में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**शाहजहांपुर।** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शारीरिक शिक्षक योगेंद्र सिंह, वेद प्रकाश एवं आचार्या रेनू यादव द्वारा योगाभ्यास के निर्देश के साथ हुई। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य ओंकार सिंह व आचार्य वेद प्रकाश ने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया।

### मकसूदापुर चीनी मिल में योगाभ्यास करते अधिकारी



**शाहजहांपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड व बजाज एनर्जी मकसूदापुर के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। शुगर डिवीजन एवं एनर्जी के कर्मचारियों, अधिकारियों व महिलाओं को योगासन कराया। यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। मनुष्य हर उम्र में सीख सकता है। मौके पर मुख्य रूप से एनर्जी के यूनिट हेड समीर कुमार सावंत ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। एचआर हेड हरीश ज्याला उपस्थित रहे।

### थाना परौर में मनाया गया योगा दिवस



**परौर।** थाने में योग दिवस का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना परिसर में सुबह सभी पुलिस कर्मियों में योग किया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों को योग का जीवन पर प्रभाव के बारे में बताया। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर रामसुंदर यादव, उप निरीक्षक विनय शुक्ला, सुखेंद्र सिंह यादव, ओम प्रकाश सिंह, मनोज कुमार, जीतू खंडेलवाल, महिला उप निरीक्षक प्रभा चौधरी, हेड कांस्टेबल शिवपाल सिंह, अजय यादव, अजय राणा, कांस्टेबल अश्वनी कुमार, हिमांशु नागर, विजेंद्र सिंह, विनीत कुमार, पंकज चौधरी आदि मौजूद रहे।

### दयानंद बाल विद्या मंदिर योग केंद्र ने मनाया योग दिवस



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान के दयानंद बाल विद्या मंदिर योग केंद्र की ओर से ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। डा .देशबंधु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य अतिथि सुशील शास्त्री ने कहा कि आज के कंप्यूटर युग में मानसिक श्रम अत्यधिक बढ़ गया है। योग साधना ही इनका उपाय है। क्षेत्रीय प्रधान सुधीर मिश्रा ने कहा कि रोगों से दूर रहने का एक मात्र साधन योग से जुड़ना है। इस दौरान राजेश कुमार मिश्रा,डॉ. विनोद मिश्रा, कुमकुम गुप्ता, सुमन तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, अरविन्द कुमार मिश्रा, रघुवीर सिंह कुशवाहा, अश्विनी कुमार आर्य, हरी बाबू सक्सेना, सुशील गुप्ता ,सुधीर मिश्रा, शशि वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के योग साधक-साधिकाओं ने योगासन किया। मात्र 9 वर्ष की सबसे छोटी योग साधिका शिवांशी देवल ने सभी को प्रार्थना करवाई।

### योग से ही स्वस्थ, संस्कारवान भारत का निर्माण संभव



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ समाजसेवी संस्था जागृति ग्रुप की ओर से योग शिविर ऊषा मिश्र तथा निधि बहल ( ग्रुप एडमिन) के निर्देशन में रूफस चरन लेन स्थित डॉ. विमल चौधरी के निवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम तथा मुद्राओं का अभ्यास किया तथा उनसे होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से जाना।



योग प्रदर्शन करते गुरुकुल आश्रम के छात्र। ● अमृत विचार




बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSIONS NOW!

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in




# एचआईवी पॉजिटिव बंदी की मेडिकल कॉलेज में मौत

## पुवायां पुलिस ने दो जून को किया दाखिल, जांच में एचआईवी पॉजिटिव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रात को अचानक तबियत ज्यादा हुई खराब, भर्ती कराया

**अमृत विचार:** जिला कारागार में बंद विचाराधीन बंदी की शुक्रवार रात तबीयत खराब हो गयी। जेल प्रशासन ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक बंदी एचआईवी पॉजिटिव था। सूचना मिलने पर परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। परिवार वालों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिवार वालों ने कहा कि तीन दिन पूर्व उसकी तबीयत ठीक थी।

जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र के एक गांव के 40 साल व्यक्ति को पुवायां पुलिस ने दो जून को जेल में दाखिल कराया था। जेल के अंदर जाने के आने के बाद जेल प्रशासन ने उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया। डॉक्टरी परीक्षण में एचआईवी पॉजिटिव पाया गया था। वह नशे का भी आदी था। उसको जेल में अलग रखा गया था। कुछ दिन बाद बंदी की तबीयत खराब रहने लगी। बंदी का जेल के अस्पताल में कई दिन तक इलाज चलता रहा। शुक्रवार की रात साढ़े नौ बजे बंदी की अचानक तबीयत अधिक खराब हो गयी। जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल से राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सुबह उसकी मौत हो गयी। जेल प्रशासन ने गांव के प्रधान को बंदी के मरने की सूचना दी। परिजन राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। परिजनों का आरोप कि तीन दिन पहले उसकी मां अपने बेटे से जेल में मुलाकात करके आई थी, उस समय उसकी तबीयत ठीक थी। परिजनों का आरोप है कि पुवायां पुलिस ने उसको मारा पीटा था। उसके शरीर में चोट के निशान थे। पुलिस ने बंदी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बार-बार मेड़ तोड़ने पर शिकायत कार्रवाई की मांग

**पुवायां।** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बार बार मेड तोड़ने का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ शिकायत करते रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव बसखेड़ा बुजुर्ग निवासी रजनीश सिंह ने शिकायत कर बताया कि पिता फूल सिंह ने जमीन खरीदी थी, उसकी में से कुछ जमीन का हिस्सा एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के नाम खरीदा था। शनिवार सुबह 4 बजे विपक्षियों ने खेत की मेड़ को जबरदस्ती तोड डाला। जब वह खेत पर गया तो देखा, उसने 112 नं. पर शिकायत की। इससे पहले भी आरोपियों ने 7 जून 2020 को मेड़ तोड दी थी। तब शिकायत करने पर ने वापस सही जगह पर मेड़ बांध दी थी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# कमरे में घुसकर तमंचे के बल पर पुत्रवधू से दुष्कर्म

संवाददाता, पुवायां

- शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी
- घटना के बाद से पीड़िता रह रही मायके में

**अमृत विचार:** ससुर के द्वारा दुराचार किए जाने के बाद कार्रवाई की आस में भटक रही महिला ने तहसील दिवस में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

बण्डा क्षेत्र निवासी एक महिला ने तहसील दिवस में शिकायत कर बताया कि उसका का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार बण्डा क्षेत्र में एक युवक के साथ हुआ था। निकाह के कुछ दिन बाद ससुर उस पर गन्दी नजर रखने लगा। जिसकी शिकायत उसने अपने पति से की लेकिन पति ने कोई एक्शन नहीं लिया बल्कि अपने पिता को सारी बातें बता दी। जिससे उसके ससुर का अत्याचार और बढ़ गया। वह लगातार उस पर शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा। जिसे महिला ने मना कर दिया तो ससुर ने महिला को गालियां दी साथ ही अपने साथ शारीरिक सम्बन्ध न बनाने पर सम्पत्ति में हिस्सा न देने और अपने पुत्र से कहकर तलाक दिलवाने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि 27 मई की रात लगभग 11 बजे चुपचाप कमरे में आया और कनपटी पर तमंचा तान दिया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने व बेटे से तलाक दिलवाने की धमकी दी। महिला ने माता-पिता के साथ थाना बण्डा में इसकी शिकायत की लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब से प्रार्थिनी अपने मायके में रह रही है। महिला ने तहसील दिवस में शिकायत कर ससुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**खुटार।** लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बरुआ गांव निवासी स्व. अरविंद कुमार की पत्नी सरिता देवी ने तहरीर दी है।

बताया कि उनके पति अरविंद कुमार दो जून को अपनी कार की सर्विस कराने के लिए खुटार तिकुनिया स्थित एक दुकान पर गए थे। जहां से वह शाम के समय वापस घर आ रहे थे। कार चालक राहुल सिंह निवासी गांव बिचपुरी, थाना मोहम्मदी, जिला खीरी चला रहा था। कार जैसे ही खुटार पुवायां रोड निर्माणाधीन ब्रिज के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार से चला रहे कार चालक ने लापरवाही से ब्रिज की दीवार में टक्कर मार दी थी। जिससे अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सीएचसी पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था, चालक राहुल को भी गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने चालक राहुल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### मेडिकल कालेज परिसर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी सुनील गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 18 जून को सुबह 10 बजे वह मेडिकल कालेज परिसर में अपने बीमार पिता को देखने आया था। उसके पिता अस्पताल में भर्ती थे। उसने प्रशासनिक भवन के सामने बाइक खड़ी कर दी और वार्ड में चला गया। वह एक घंटे बाद लौटकर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। उसने बाइक की तलाश की और नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**मदनापुर, अमृत विचार :** थाना तिलहर के गांव गोपालपुर निवासी बलराम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 मई को अपने रिश्तेदार को छोड़ने मदनापुर के बरखेड़ा जयपाल में बाइक से आया था। उसने रिश्तेदार को छोड़ दिया और वापस बाइक से तिलहर जा रहा था। बरखेड़ा जयपाल गांव के सामने उसकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। उन्होंने बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर दी, घास पर लेट गया। अचानक उसे नींद आ गयी। इस बीच उसकी अज्ञात व्यक्ति बाइक चुराकर ले गया। पुलिस चोरी गई बाइक की तलाश कर रही है।

### अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री 14 जून को कटरा बाजार गयी थी। उसका आरोप है कटरा बाजार में लखीमपुर खीरी के गोकर्णनाथ के शिवम यादव उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। उसकी पुत्री को गायब कर दिया। पुलिस आरोपी और युवती की तलाश कर रही है।

# किशोरी रहस्यमय ढंग से पहुंची थाने

**खुटार, अमृत विचार :** गुमशुदा किशोरी रहस्यमय ढंग से थाने पहुंच गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने किशोरी को वन स्टाफ सेंटर भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी रघुवीर ने गुरुवार को दर्ज कराई गुमशुदगी में बताया था कि उनकी नाबालिग 13 वर्षीय पुत्री घर से गुरुवार सुबह 8 बजे गायब हो गई थी। काफी तलाश के बाद उसका पता नहीं चला। पुलिस ने रघुवीर की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद करने के लिए जांच पड़ताल शुरू की। उधर, शनिवार की सुबह किशोरी रहस्यमय ढंग से थाने पहुंची। पुलिस ने किशोरी से पूछताछ की पुलिस ने किशोरी के माता-पिता को भी सूचना देकर थाने बुलाया। किशोरी लगातार पुलिस को बरगलाने का प्रयास करती रही। पुलिस ने उसे वन स्टाफ सेंटर शाहजहांपुर को भेज दिया।।

# बाइक की टक्कर में साइकिल सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भर्ती कराया, मृतक कंपनी में काम करता था

**अमृत विचार:** दुर्गा इंकलेव के सामने बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार और बाइक सवार घायल हो गए। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने साइकिल सवार को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान परिवार वालों ने मेडिकल कालेज में हंगामा किया और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी 30 वर्षीय विनोद राठौर रोजा क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। शनिवार को वह डियूटी पर था। वह दोपहर 12 बजे साइकिल से अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट लेने साइकिल से निजी अस्पताल में जा रहा था। दुर्गा इंकलेव के सामने तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार विनोद राठौर व बाइक सवार सलमान निवासी हथौड़ा थाना रोजा घायल हो गए। सूचना पर रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर मृतकों के परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। परिवार वाले बाइक सवार को रेफर कराके प्राइवेट अस्पताल में ले गए। इधर साइकिल सवार विनोद राठौर की कुछ देर बाद मौत हो गयी। मृतक के परिवार वालों में ट्रामा सेंटर के बाहर हंगामा किया। परिवार वालों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिवार वालों ने कहा कि विनोद की हालत गंभीर थी तो उसे रेफर कर देना चाहिए था। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# खेत पर व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

**शाहजहांपुर :** बसंतापुर गांव में एक व्यक्ति का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंडा थाना क्षेत्र के गांव मरैना निवासी 55 वर्षीय छब्बा लाल बसंतापुर गांव में मुख्तार सिंह के झाले पर काम करता था। बताते है कि शुक्रवार की रात नौ बजे खेत पर पानी लगाने के लिए गया था। वह दोपहर 12 बजे तक झाले पर नहीं पहुंचा तो झाला स्वामी ने उसकी तलाश की। दोपहर बाद छब्बा लाल का शव खेत पर मिला। शव के पास फावड़ा रखा था। इधर खबर मिलने पर मृतक के परिवार वाले पहुंच गए। मृतक के परिवार वालों ने बंडा थाना पर सूचना दी। थाना प्रभारी मौके पर गए और झाला स्वामी से जानकारी की। मृतक के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जतायी है। इधर फोरेसिंक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए।

# जमीन में हिस्सा न मिलता देख बेटे को जहर खिला खुद भी खाया, मां की मौत

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। डॉक्टर ने बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन का हिस्सा मांगने को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था।


मृतक शिवानी की गोद में निशांत।

- मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी का माला

दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर के अंदर रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया। उसकी जेठानी ने निशांत को एक कमरे में रोते देखा और शिवानी को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया। ससुराल वाले दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शिवानी उर्फ राधा की मौत हो गई। बेटे को राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। यहां उपचार चल रहा है।

> महिला ने बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद खा लिया, जिससे उसकी मौत मौत हो गई। परिवार में जमीन का विवाद है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**विश्वजीत प्रताप सिंह**, थाना प्रभारी, मदनापुर

# जिले को मिलेगा अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान नदियों-नालों के विकास की योजना पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बैठक में मौजूद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा आदि।

- महापौर की अध्यक्षता में नगर आयुक्त के साथ की गई बैठक
- नदियों को स्वच्छ रखने के सम्बन्ध में भी हुई चर्चा

**अमृत विचार:** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन व नगर आयुक्त के निर्देशन में अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान को लेकर नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कराया गया। इस दौरान एनआईयूए (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर) और कंसलटेंट फर्म लियो एसोसिएट्स की टीम ने नगर निगम अधिकारियों के साथ मिलकर राजघाट, गर्रा नदी, हनुमतधाम, छठ घाट, खन्नौत नदी, एफएसटीपी, एसटीपी, अमृत सरोवर, एमआरएफ सेंटर व नालों आदि का जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें एनआईयूए व लियो एसोसिएट्स की टीम द्वारा शाहजहांपुर में अर्बन रिवर मैनेजमेंट की दिशा में प्रस्तुतिकरण दिया गया। अर्बन प्लानर ने बताया कि प्रदेश के पांच शहरों—बिजनौर, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन, मिर्जापुर और शाहजहांपुर को योजना के तहत चयनित किया गया है।

जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदियों व नालों के विकास के लिए आवश्यक सूचनाएं शीघ्र उपलब्ध कराएं, जिससे विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर आगे की कार्यवाही को गति दी जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि महानगर के अन्य क्षेत्रों में छोटे-छोटे एसटीपी प्लांट लगाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिससे जल शुद्धिकरण के साथ-साथ भूजल स्तर को भी बढ़ाया जा सके। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर निगम के अन्य अधिकारीगण एवं अर्बन प्लानर सहित एनआईयूए व लियो एसोसिएट्स की टीम मौजूद रही।

# पुवायां में जबरन फसल काटने का आरोप

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव बेला छेदा निवासी सुशील पाण्डेय ने तहसील दिवस में पत्र देकर बताया कि उसने एक व्यक्ति से भूमि का बैनामा कराया था, उसका भूमि पर कब्ज़ा भी है लेकिन विक्रेता भूमि पर अवैध कब्ज़ा करना चाहता है और उसकी फसल काट लेता है। जब वह मना करता है, तब मारने को आमादा हो जाता है जबकि उस जमीन का बैनामा दो बार कर दिया है। युवक ने बताया कि वह काफी डरा हुआ है। पीड़ित ने शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# किशोरी को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि गुरुवार को वह बदायूं गयी थी उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी। पुत्री ने बच्चों से समोसे लेकर आने की बात कही लेकिन दोपहर दो बजे तक नहीं आई। बच्चों ने फोन करके बेटी जके जाने की बात कही। वह बदायूं से घर पर आई बेटी का मोबाइल स्वीचआफ है। उसका आरोप है कि उसकी बेटी को कोई अगवा करके ले गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके किशोरी की तलाश की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर युवती ने जान दी

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने के प्रयास में असफल युवती की 24 घंटे के अन्दर उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके शव को परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज से गांव ले जाकर दाह संस्कार कर दिया।


मृतका कुसुमा

गांव बिसाफ कलां निवासी स्वर्गीय सुरेश कुमार की पुत्री कुसुमा का विवाह गांव ऐंठापुर निवासी युवक के साथ तय हुआ था। विवाह तय होने की सूचना पाकर एक तरफा प्यार में पागल प्रेमी ने युवती के चरित्र पर सवाल उठाते हुए उसके होने वाले पति को शादी न करने की सलाह दी थी। इसी बात पर नाराज होकर युवती ने शुक्रवार सुबह ट्रेन से कटकर मौत को गले लगाने का प्रयास किया। जिसमें वह गम्भीर घायल हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां रात में उसकी मौत हो गई। मां बेलावती ने बताया कि लड़की का पोस्टमार्टम नहीं कराने दिया।

# लेखपालों का तबादला, नदी का काम रुका

संवाददाता, पुवायां

- लेखपाल न होने से पैमाइश प्रभावित, ग्रामीण ने स्वयं की आंशिक पैमाइश
- दो दिन पहले क्षेत्र के 50 से अधिक लेखपालों का डीएम ने कर दिया तबादला

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के नदी पुनर्जीवन के अभियान में लेखपालों के तबादले एक बड़ी मुश्किल बनकर खड़े हो गए है। नए लेखपाल आने और उनके कार्य संभालने के बीच नदी का पैमाइश कार्य रुक गया, इस बीच कुछ ग्रामीण स्वयं ही आंशिक पैमाइश करते नजर आए।

डीएम के मौका मुआयना करने के बाद नदी की पैमाइश कर इस पर से कब्जे हटवाने के साथ ही इसकी खुदाई को लेकर काम शुरू किए जाने के निर्देश दिए थे, इसके बाद पिछले कई दिनों से लगातार तेजी से खुदाई कार्य कराया जा रहा है, जो पन्नाघाट गोमती तट से लेकर बण्डा क्षेत्र के गहलुइया के पास तक जाएगा। दो दिन पूर्व जिलाधिकारी ने पूरे जिले के लगभग ढाई सौ लेखपालों का तबादला कर दिया, जिसमें पुवायां के 50 से अधिक लेखपाल शामिल हैं। एक साथ इतने तबादले होने पर


लाठी के सहारे स्वयं आंशिक पैमाइश करता ग्रामीण। ● अमृत विचार

लगभग पूरे नदी क्षेत्र का पैमाइश कार्य बाधित हो गया, क्योंकि जितनी लेखपाल पैमाइश करते थे, उतनी ही खुदाई हो पा रही थी, इसके अलावा कई स्थानों पर कब्जे के भी मामले थे, जो पैमाइश के बाद ही निपट पा रहे थे। शनिवार को लुकटहा, फतेहपुर, पड़री किशनपुर, करखेड़ा, पिपरिया हरिश्चंद्र, सिकंदर पुर व भूड़ा तथा झरसा क्षेत्र में लेखपाल न होने के चलते पैमाइश में समस्या आई, जिसे दोपहर बाद लेखपालों को भेजकर समाधान कराया गया। इस बीच झरसा में ग्रामीण व लोकभारती सदस्य अधीर त्रिवेदी के द्वारा लाठी के सहारे स्वयं आंशिक रूप से पैमाइश कर खुदाई कार्य शुरू कराया गया। जो चर्चा का विषय रहा। वहीं डीडीओ ने भी पन्नाघाट पहुंचकर निरीक्षण किया और सम्बंधित कर्मियों को निर्देशित कर ग्रामीणों से अपील की।

> अचानक लेखपालों के तबादलों से कुछ समस्या आई थी, बाद में लेखपालों को बुलाकर उन्हें पैमाइश के काम पर लगा दिया गया है। नदी खुदाई का कार्य बाधित नहीं है। -**चित्रा निर्वाल**, एसडीएम




वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में सामूहिक रूप से योग करते मेडिकल छात्र और स्टाफ। ● अमृत विचार


योगाचार्य ललित कुमार चौहान को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के प्रति-उप कुलाधिपति डॉ. लेख राज वर्मा।


योग करती मेडिकल की छात्रा ● अमृत विचार

# केवल तन की बात नहीं, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है योग

## योग दिवस बना जीवन मूल्य का उत्सव, वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में सप्ताहभर चला योग महोत्सव, प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, स्वास्थ्य, आत्मिक संतुलन और अनुशासन के समर्पित उत्सव के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विश्वविद्यालय के भव्य ऑडिटोरियम हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक भाषण के सीधा प्रसारण से हुई। उन्होंने योग को भारत की आत्मा बताया और कहा कि योग केवल तन की बात नहीं, यह मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है ।

इसके बाद योगाचार्य ललित चौहान ने पतंजलि प्रार्थना के साथ योग पार्क में अभ्यास सत्र की शुरुआत की। उन्होंने सामान्य योग अभ्यासक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान से परिचित कराया। योगाचार्य की सहज शैली और स्पष्ट निर्देशन ने योग को सभी के लिए आनंददायक अनुभव बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का संदेश भी प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने योग को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में योग को रोजमर्रा की भागदौड़ में आत्म संयम और उर्जा का स्रोत बताया और सभी छात्रों से आवाहन किया कि वे जीवन में योग को अपने आहार की तरह अनिवार्य करें। सप्ताहभर चले योग महोत्सव में 15 जून से 21 जून तक


योग करती मेडिकल छात्रा ।

विभिन्न प्रतियोगिताएं, सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में योग दिवस पर हुआ अद्भुत संगम
- प्रो.वाइस चांसलर ने योगाचार्य को किया सम्मानित

सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. लेख राज वर्मा ने योगाचार्य ललित चौहान को सम्मानित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि संतुलन और आत्मिक शांति का माध्यम है। कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल समेत विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों और स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। योग दिवस पर पूरा विश्वविद्यालय परिसर योगमय वातावरण से सराबोर रहा, जिसमें शिक्षा और साधना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. लेखराज वर्मा कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पाल, डीन एवं प्राचार्य (वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज) डॉ. (कर्नल) रविन्द्र नाथ शुक्ला, प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. संथाना कृष्णन, दीपक पचौरी, मोहम्मद जुनैद, नेहा गुप्ता, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. एनएम माथुर, इशिका सक्सेना सहित सभी मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, स्टाफ, छात्र-छात्राएं, पीजी व यूजी छात्र उपस्थित रहे।

# पुवायां में तहसील दिवस में आई 97 शिकायतें


तहसील दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं एसडीएम चित्रा निर्वाल।

**पुवायां, अमृत विचार:** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल फरियादियों की समस्याओं को सुना।

- फरियादियों की समस्याओं को एसडीएम ने सुना
- किसी भी शिकातय का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका

इस दौरान 97 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे, जिसमें किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम ने सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता से बात करके फोटो अपलोड करने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में आई शिकायतों को संबधित विभागों के अफसरों से गहनता से जांच कर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये । राजस्व, बिजली और पुलिस विभाग की शिकायतें ज्यादा रहीं। उसके निस्तारण के निदेश उन्होंने दिये।

# सहकारी संस्थाओं का मंत्र है किसानों की आय बढ़ाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक की प्रबंध समिति एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि बैंक का गत वर्ष का लाभ 2 करोड़ 6 लाख रहा, जिसे बढ़ाकर 5 करोड़ किया जाए। बैंक का प्रबंधकीय व्यय 1.34 प्रतिशत है जोकि सराहनीय है। बैंक के सभी अधिकारी कर्मचारी बैंक का डिपाजिट बढ़ाने पर ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि बैंक में ज्यादा से ज्यादा डिपाजिट कराने के लिए कार्य योजना बनाने के साथ साथ व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी आवश्यकता जानकार अपना ग्राहक बेस बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के खाते सहकारी बैंक में संचालित करवाएं।

राठौर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए दिसंबर तक साप्ताहिक डिमांड भेजते रहें। राठौर ने सहायक आयुक्त सहकारिता को निर्देश दिए कि सभी समितियों की जमीन



जिला सहकारी बैंक प्रबंधक समिति बैठक व विभागीय बैठक को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ● अमृत विचार

- सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने की डीसीबी प्रबंध समिति की समीक्षा
- कहा दिसंबर तक खाद की डिमांड भेजते रहें, ताकि किसानों को उपलब्ध रहे खाद

भू-अभिलेखों में दर्ज करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि सभी सहकारी संस्थाओं का एक ही मंत्र है किसानों की आय बढ़े, उनकी हर समस्या का पैक्स पर ही समाधान हो।

राज्य निर्माण सहकारी संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह बॉबी ने कहा किसानों को ऋण, खाद बीज की सहूलियतें स्थानीय स्तर पर दी जा रहीं हैं। सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में विभाग नई ऊंचाईयां छू रहा है।

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी उपाध्यक्ष अजय प्रजापति, संचालक नीतू भूपेंद्र सिंह, रोशनी देवी, डॉ. रमाकांत दीक्षित, अनुराग कठेरिया, अरुण कुमार सिंह, कृष्ण कुमार वर्मा, संदीप गंगवार, बृजेश मिश्रा, जिला सहकारी अधिकारी बैंकिंग हरिकेश परमार, आनंद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, शिवरतन लाल, ओमप्रकाश मौर्या, जिला प्रबंधक पीसीएफ़ यशवीर सिंह, जिला प्रबंधक पीसीयू प्रवीण सोनकर, उप महाप्रबंधक शकील अहमद, राजेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## परिवार रजिस्टर के लिए चक्कर लगा रही विधवा

**पुवायां, अमृत विचार:** सिंधौली निवासी रागिनी शर्मा पत्नी नीरज शर्मा ने तहसील दिवस में पत्र देकर बताया कि 28 जनवरी को उसके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिवार रजिस्टर की जरूरत होने पर उसने ब्लॉक में आवेदन किया लेकिन कई चक्कर लगाने के बाद सचिव उसे परिवार रजिस्टर नहीं दे रहे हैं और 6 माह से लगातार उसे टहला रहे हैं। पीड़िता ने परिवार रजिस्टर की नकल की मांग की है।

# सड़क व नाली बनवाने के लिए किया प्रदर्शन

**जलालाबाद, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर के तमाम महिलाएं व पुरुष तहसील मुख्यालय पहुंची। जहां उन्होंने प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम दुर्गेश यादव को सौंपा।

नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन की महिला प्रकोष्ठ की मालती कश्यप कर रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के सामने जाने वाली गली दलदल बनी हुई है। जिसमें पानी भरा रहता है। नाली व सड़क न होने के कारण घरों का पानी गली में भरा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों को नालियों से होकर गुजरना पड़ता है। जिस गांव के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस गली को बनवाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत खंडहर के प्रधान से मांग की, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गली में पानी भरा रहने से मच्छर पनप रहे हैं और गांव में संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह तहसील मुख्यालय पर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।


तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# ईओ पर अम्बेडकर पार्क की दीवार तोड़ने का आरोप

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** मोहल्ला अम्बेडकर नगर के लोगों ने तहसील दिवस में पत्र देकर अधिशासी अधिकारी समेत अन्य लोगों के खिलाफ पार्क की दीवार तोड़ने से मना करने पर जेल भिजवाने की चेतावनी देने का आरोप लगाया है।

शनिवार को अम्बेडकर नगर के तमाम लोग तहसील दिवस पहुंचे और अधिशासी अधिकारी समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत की। शिकायती पत्र में कहा गया है कि मोहल्ले में स्थित आंबेडकर पार्क को तत्कालीन सांसद (वर्तमान सदस्य राज्यसभा) मिथलेश कुमार ने वर्ष 1995 में बनवाया था। साथ ही उसमें भगवान बुद्ध की प्रतिमा


तहसील दिवस में शिकायत करने पहुंचे अंबेडकर मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

भी लगवाई गई थी। शुक्रवार शाम पालिका के अधिशासी अधिकारी व कुछ अन्य लोग पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और पार्क की दीवार तोड़ने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर गालियां देते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी। तमाम मोहल्ले वासियों ने शिकायत कर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में मूलचंद, जितेंद्र, विजय प्रताप, कृष्णा, अंकित समेत अन्य तमाम लोग शामिल हुए।

उक्त मामले में अधिशासी अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि मोहल्ले के ही अधिवक्ता ने वाहन निकालने में दिक्कत होने की बात कहते हुए पार्क के किनारे की सड़क को चौड़ा करने की मांग की थी, जिस पर अधिवक्ता ने दीवार तोड़ने की बात रखी थी। उन्होंने मौके पर निरीक्षण किया। दीवार तोड़ने का प्रयास करने की बात गलत है।

## तमंचा के साथ फोटो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार:** सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर तमंचा समेत फोटो अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर तमंचा के साथ फोटो वायरल होने पर पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। शुक्रवार की रात नगर के भक्सी तिराहे पर उक्त युवक को एसआई जय प्रकाश भारती की टीम ने 315 बोर तमंचा व एक कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि पकड़ा गया युवक नगर के मोहल्ला खलील कटरा निवासी तन्नू उर्फ तरुण कुमार है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक,
रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली




सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जाँच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DNMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक

नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री

सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# योग शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में बोलीं प्रभारी मंत्री गुलाब देवी, एक पृथ्वी, एक स्वस्थ थीम पर मनाया योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वस्थ थीम पर मनाया गया। योग दिवस पर शहर से लेकर देहात क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योग किया। साथ ही आयोजन स्थल पर बने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग मनुष्य के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक हैं। सभी के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग अपनाने से 80 वर्ष का व्यक्ति भी 21 वर्ष के व्यक्ति से आगे निकल सकता है।

सदर विधायक महेश चंद गुप्ता ने कहा कि योग अपनाने से अनेकों शारीरिक व्याधियों से बचा जा सकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और प्रत्येक दिन योगाभ्यास करें। ऐसा करने से शरीर व मन में नई स्फूर्ति का संचार होता है।


कार्यक्रम में उपस्थित नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि प्रातः काल योग करने से शरीर में नई स्फूर्ति का संचार होता है। स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास प्रतिदिन करें। डीएम अवनीश कुमार राय ने कहा कि योग करने से स्वस्थ जीवन व निरोगी काया होती है। इसलिए सभी को जीवन में योग को अपनाना चाहिए। स्वस्थ तन व मन के लिए योग जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी गणमान्य लोग, बुजुर्ग व बच्चे आदि मौजूद रहे।


पुलिस परेड ग्राउंड में योग करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य।


योग करती प्रभारी मंत्री गुलाब देवी।


योग करते भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।


योग करते सीडीओ केशव कुमार।


पुलिस परेड ग्राउंड में योग करते जिला अधिकारी अवनीश कुमार राय।

### योग से स्वस्थ रहता है शरीर



**दबतोरी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांव परसिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग गुरु डॉ. अमित मिश्रा व अरवेश श्रीवास्तव की अगुवाई में लोगों ने योग किया। गुरुओं ने योग पर प्रकाश डाला। कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। योग कार्यक्रम में सुनील सिंह, संजीव मिश्रा, डॉ. ओमेंद्र सिंह, टीटू सिंह, अनोज सिंह, भुवनेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह सहित तमाम लोगों ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**बगरैन, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंडित हर नारायण सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों के साथ अन्य लोग भी शामिल हुए। योग शिक्षक रोहित गिरी लोगों को योगाभ्यास कराया। साथ ही योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान कॉलेज प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने योग के जनक महर्षि पतंजलि के जीवन आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। योग आचार्य स्वामी रामदेव के देश के हित में किए किए जा रहे कार्यों को बताया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक दीनदयाल माहेश्वरी, रितेश सिंह, राजीव सिंह, राजेश शर्मा, निर्दोष सुमन, महेश गुप्ता, दीपक सिंह, जितेंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र, असलेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### योगाचार्य ने लोगों को समझाया योग का महत्व

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के एनए इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य ओमेंद्र सिंह ने योग का महत्व समझाया। कार्यक्रम में विधायक हरीश शाक्य, पूर्व ओमप्रकाश सागर, लोकेश बाबू, राहुल शर्मा, आदित्य माहेश्वरी आदि शामिल रहे। वहीं बांस बरौलिया स्थित वृद्धाश्रम में संचालक वेदव्यास शर्मा ने योगाभ्यास कराया। महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी यहां छात्रों को योग का महत्व समझाया। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल सहसवान, बाबा इंटरनेशनल स्कूल बिल्सी में भी योग कराया गया।

### छात्र और छात्राओं ने भी किया योग

बदायूं क्लब में योग आसन का अभ्यास कराया गया। क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष, रविंद्र मोहन सक्सेना, संजय रस्तोगी, मनीष सिंहल, नरेश चंद्र शंखधार, अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे। वहीं राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा के निर्देशन में योग शिविर लगाया गया। एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस कैडेट्स ने योग का प्रशिक्षण दिया। शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हुकुम सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, पवन कुमार, वीर बहादुर, सुमित यादव आदि का सहयोग रहा।

### रोज एक घंटा योग करना जरूरी



शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग संस्थान में योग प्रशिक्षक अभिषेक उपाध्याय ने योगाभ्यास कराया और योग की जरूरत के बारे में बताया। संस्थान चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि रोज योग करने से हमारे अंदर कार्य करने की कुशलता आती है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि रोज कम से कम एक घंटा योग जरूर करना चाहिए। संस्थान के डायरेक्टर विक्रांत मेहंदीरत्ता, सचिव करन थरेजा, निशा शर्मा, शिखा वर्मा, नैना, सुनैना, आकाश चांडक आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में किया योग



श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योगाचार्य सर्वेश पाठक ने योग कराया। लॉर्ड कृष्ण इंटरनेशनल स्कूल में वैदिक मंत्रोच्चारण हुआ। योगाचार्य वीरेंद्र कुमार सैनी, सूरजभान के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। संस्थापक वेदव्रत त्रिवेदी, प्रधानाचार्य दीपक त्यागी, सह-संस्थापक तेजस्व त्रिवेदी, निदेशिका छवी शर्मा, रीता शर्मा, शैक्षिक निदेशक देवव्रत त्रिवेदी आदि ने भी योग किया।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास



ब्लूमिंगडेल स्कूल के दिव्य योग एवं निरोग चिकित्सालय योग निर्देशक सोनू पटेल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हैं। वह किसी न किसी रोग से ग्रस्त हैं। योगा निर्देशक के सहयागी अमन राठौर ने कहा कि नियमित योग करने को कहा। स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता, प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा रहे।

### योग फार वन अर्थ वन हेल्थ के बारे में बताया



राजकीय महिला महाविद्यालय में डॉ. वंदना ने योग करने को प्रेरित किया। डॉ. ऋषभ भारद्वाज ने योग कराया। डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. भावना सिंह, रोहित कुमार, राजीव कुमार मौजूद रहे। पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने छात्राओं को योगाभ्यास कराते हुए योग फार वन अर्थ वन हेल्थ के बारे में बताया। क्रीड़ा प्रभारी निशात बेगम का सहयोग रहा। महर्षि फिजिकल अकादमी एवं एलीट मार्शल ऑर्ट्स एकादमी की ओर से योग शिविर लगाया गया।

## योगी व्यक्ति नहीं हो सकता रोगी, नियमित करें योग


योग करते बाबा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिल्सी के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में स्टाफ और बच्चों ने योग किया। बच्चों का योग का महत्व समझाया गया।

वहीं बच्चों ने घर पर भी योगाभ्यास करके लचीलता व एकाग्रता का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। छात्रों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। स्कूल के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि योग करने से हमारा तन स्वस्थ रहता है। मन सुंदर होता है और भविष्य उज्जवल होता है।

आज के बच्चे जो कल देश का भविष्य होगें। उनके अंदर किसी भी प्रकार की बीमारी न हो। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने कहा कि योगी व्यक्ति कभी रोगी नहीं हो सकता है।

## न्यायालय परिसर और कारागार में किया योग


योगाभ्यास करते न्यायिक मजिस्ट्रेट और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार:** न्यायालय परिसर और जिला कारागार में योग दिवस मनाया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। वहीं जेल अधीक्षक ने कैदियों के साथ योग क्रियाएं की। न्यायिक अधिकारियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी गयी। साथ ही अपने दैनिक कार्यो के साथ-साथ नियमित योगाभ्यास करने के लिए अपील की गई। इस मौके पर न्यायाधीश मित्र पाल सिंह, दिनेश तिवारी, पूनम सिंघल, नीरज कुमार गर्ग, विकास सिंह, मो तौसीफ रजा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों और बच्चों ने किया योगाभ्यास



**उझानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को गांव अचोरा स्थित धनवती देवी बालिका इंटर कॉलेज में मनाया गया। इसमें शिक्षकों और बच्चों ने योगाभ्यास किया। शिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग दिवस कार्यक्रम में रवि समदर्शी, अंजू चौहान, हिमाचल सिंह, कुसुम, गीता, दिव्या, यशस्वी अंशुल, अनामिका, शिवानी, रश्मि, दीपाली आदि उपस्थित रहे।

### विकास खंड कार्यालय में मनाया योग दिवस



**उसावां, अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए योग कार्यक्रम आयोजित हुए। विकास खंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पति दिनेश कुमार ने योग गुरुओं के माध्यम से योगाभ्यास किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के प्रथम वर्ष से शुरू हुआ योग देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो गया है। आज देश के साथ अन्य कई देशों में भी इसका आयोजन किया जा रहा। यह प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम में सचिव अलख निरंजन, सचिव असद खान, अंकित सिंह, श्रीपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### योग दिवस पर किया योगाभ्यास


योग करते शिक्षक ● अमृत विचार

**उसहैत, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती जन शिक्षा मंदिर परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता ने कहा कि योग मन, मस्तिष्क, शरीर को एकाकार का कार्य करता है। योगाभ्यास कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य होमसिंह, रामप्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन गौरव कुमार, राजेश गुता, गगन दीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पेंशन पत्रावली पर बीएसए के फर्जी हस्ताक्षर, हो रही गोपनीय जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

> मैंने एक दिन पहले ही पदभार ग्रहण किया है। जानकारी की जाएगी। अगर विभाग के कर्मचारियों के द्वारा ऐसा किया गया होता तो कार्रवाई की जाएगी। **– श्याम मोहन गुप्ता,**

> वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा पेंशन स्वीकृति भुगतान के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी के पास भेजी गई पत्रावली पर मेरे फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे। डिस्पैच नंबर भी गलत डाला गया है। इस प्रकरण में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। **–वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए

- **डिस्पैच नंबर भी पाया गया फर्जी, अंकित है किसी और शिक्षक की पेंशन**
- **बेसिक शिक्षा अधिकारी, लेखा और वरिष्ठ कोषागार के लिपिकों की भूमिका संदिग्ध**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में हो रहे फर्जीवाड़े में सारी सीमाएं पार हो गई हैं। पुरानी पेंशन भुगतान के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी में भेजी गई पत्रावली पर बीएसए ने हस्ताक्षर फर्जी पाए हैं। यहां तक कि जो डिस्पैच नंबर डाला गया है उस पर किसी अन्य शिक्षक की पेंशन स्वीकृति की गई है।

इस प्रकरण में बीएसए कार्यालय से लेकर लेखा और वरिष्ठ कोषागार के लिपिकों की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। अधिकारियों ने कार्रवाई से बचने के लिए अंदर खाने जांच शुरू कर दी है। इस कारण अभी तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है और न ही जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। ऐसे में अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। 1976 में सालारपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल देहमी में कार्यरत शिक्षक बुलाकी राम की मृत्यु होने पर पेंशन की स्वीकृति 2006 से दिखाते हुए 14 मई को भुगतान के लिए पत्रावली बेसिक के लेखा विभाग द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकार कार्यालय भेजी गई थी। पत्रावली का अवलोकन करने पर कोषाधिकारी स्तंभ रह गए। उन्हें फर्जीवाड़ा होने का संदेह हुआ। सर्तकता बरतते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बेसिक शिक्षा के लेखा अधिकारी और बीएसए से पत्र जारी कर शिक्षक के आश्रित संबंधी सत्यापित अभिलेख मांग लिए। पत्र मिलने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया।

लेखा और बीएसए कार्यालय में अंदर खाने जांच शुरू की दी गई। मामला पूरी तरह से फर्जी निकला। पेंशन पत्रावली पर बीएसए के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए हैं। पत्रावली पर जो डिस्पैच नंबर डाला गया है उस पर किसी अन्य शिक्षक की पेंशन अंकित है। इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी न बीएसए और न ही लेखा अधिकारी के स्तर से कोई कार्रवाई की गई है।

मामले को दबाने की कोशिश हो रही है। जबकि होना यह चाहिए था जिस कर्मचारी के द्वारा पत्रावली को तैयार किया गया है उसके खिलाफ फर्जीवाड़े में रिपोर्ट दर्ज हो जानी चाहिए थी। हालांकि उनके द्वारा फर्जीवाड़ा होना स्वीकार तो कर लिया गया है, लेकिन यह कोई बताने को तैयार नहीं है कि इस प्रकरण में कौन दोषी है। क्या कार्रवाई हुई। यह भी बताया जा रहा है कि इस प्रकरण में बीएसए कार्यालय, बेसिक के लेखा और वरिष्ठ कोषाधिकारी विभाग के लिपिकों की भूमिका संदिग्ध है।

कहीं न कहीं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

### पत्र लेने बीएसए कार्यालय पहुंचे लेखा और कोषागार के कर्मचारी

पेंशन में फर्जीवाड़ा उजागर होने पर बीएसए कार्यालय और बेसिक के लेखा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण के उजागर होने बेसिक के लेखा विभाग और वरिष्ठ कोषाधिकार विभाग के कर्मचारी बीएसए कार्यालय कोषाधिकारी द्वारा जारी किया गया पत्र लेने पहुंचे थे, लेकिन वहां के कर्मचारियों ने पत्र देने से इंकार कर दिया। ऐसे में पता चलता है कि फर्जीवाड़ा करने वाले कर्मचारी अपने आपको बचाने के लिए भरकस कोशिश में जुट गए हैं।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com,
M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


# कोटेदार राशन में कर रहा कटौती, बैठी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शिकायत सुनते डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी बृजेश कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** दातागंज तहसील में शनिवार को तहसील दिवस आयोजित हुआ। एक ग्रामीण ने कम राशन दिए जाने की शिकायत की जिसपर डीएम ने जांच के आदेश कर दिए।

ब्लॉक म्याऊं क्षेत्र के गांव मौज्जमपुर निवासी राम रतन ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का राशन कोटेदार ठीक प्रकार से राशन का वितरण नहीं कर रहा है। कार्डधारकों को यूनिट के अनुसार राशन नहीं देता। इसमें कटौती की जाती है। डीएम ने एसडीएम व जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों के समय चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने, जलभराव को ठीक कराने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण को अधिकारियों के लिए निर्देश दिए। तहसील परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले 31 लोगों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र दिया। एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार, एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार मौजूद रहे।


Admission Open

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Management

UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details

For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Humanities & Journalism

UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details

For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# सोत नदी पर शुरू नहीं हो सका पुल का निर्माण कार्य

## जर्जर घोषित कर पुल पर आवागमन किया जा चुका है बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

> सोत नदी पर अभी कुछ दिन पूर्व ही काम शुरू करा दिया है। लेकिन बारिश रुकावट बन रही है। बरसात के दौरान संभावता काम बंद हो सकता है। फिर भी कोशिश रहेगी की काम जारी रहे। डेढ़ से दो साल में पुल तैयार कर दिया जाएगा।
> – अरुण गुप्ता, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, सेतु निगम

- मार्च में मिली स्वीकृति के बाद भी शुरू नहीं हुआ निर्माण
- 16 करोड़ से अधिक लागत से सेतु निगम बनाएगा पुल

**अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र में सोत नदी पर 16.12 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होना है। ग्रामीणों को आने जाने की होने वाली समस्या को देखते हुए शासन की ओर से पुल निर्माण की स्वीकृति मार्च माह के दौरान दे दी गई। पुल का निर्माण सेतु निगम को करना है। स्वीकृति मिलने के दो माह बाद भी कार्यदायी संस्था काम शुरू नहीं कर सकी है।

बिसौली क्षेत्र के गांव रानेट सोत नदी पर 100 वर्ष पुराना पुल बना है। इसे पीडब्ल्यूडी विभाग ने जर्जर घोषित करते हुए आवागमन बंद कर दिया। इस पुल से होकर जाने वाले वाहनों को मार्ग निर्धारित कर दिए गए, लेकिन आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आने जाने में दिक्कत होने लगी। ग्रामीणों ने पुल के नीचे से होकर आना शुरू कर दिया। इसकी वजह से वहां पर जाम की स्थिति बनने लगी। नदी में पानी होने के कारण वह एरिया दलदल बन गया। दो पहिया वाहन दलदल में फंसने लगे।

ऐसी स्थिति में ग्रामीण पुल का निर्माण जल्द कराने की मांग करने लगे। ग्रामीणों की मांग पर जनप्रतिनिधियों ने भी पुल निर्माण के लिए शासन स्तर पर पैरवी शुरू कर दी। ग्रामीणों की मांग और जनप्रतिनिधियों की पैरवी पर शासन ने पुल निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी। पुल का निर्माण 16.12 करोड़ की लागत से होना है।

### आपत्ति जता चुके बिसौली क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शासन स्तर से मार्च के प्रथम सप्ताह में स्वीकृति दी गई थी। पुल का निर्माण सेतु निगम को करना है। स्वीकृति मिले दो माह से अधिक का समय गुजर गया है, लेकिन अब तक नामित संस्था के द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है। कार्यदायी संस्था के द्वारा पुल निर्माण का कार्य शुरू न किए जाने पर बिसौली क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी आपत्ति जता चुके हैं। कार्यदायी संस्था के अधिकारी काम शुरू किए जाने का दावा कर रहे हैं, जबकि स्थिति इसके विपरीत है।

# स्कूल नहीं आने पर बच्चों के घर जाएंगे शिक्षक, पूछेंगे कारण

**बदायूं, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूल 16 जून से खुल चुके हैं। शिक्षक स्कूल पहुंच रहे हैं, लेकिन बच्चे नहीं आ रहे हैं। इस दौरान शिक्षक बच्चों का पंजीकरण करेंगे। बच्चों के आने पर 1 जुलाई से स्कूल चलो अभियान शुरू होगा, जो कि 15 जुलाई तक जारी रहेगा। जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं उनके घर शिक्षक पहुंचकर न आने का कारण ज्ञात करेंगे।

भीषण गर्मी के चलते परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 30 जून तक छुट्टियां घोषित हैं। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का रोली, तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही मिड डे मील में बच्चों के लिए हलवा-खीर बांटा जाएगा। इसके बाद स्कूल चलो अभियान शुरू होगा। यह अभियान 1 जुलाई तक रहेगा। इसके बाद अगर बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है तो शिक्षक घर-घर जाकर उनके न आने का कारण जानेंगे।

साथ ही बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जब तक बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं तब तक शिक्षक नए बच्चों का नामांकन करेंगे। बीएसए वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके निर्देश सभी बीईओ जारी कर दिए गए हैं।

# छह सड़का से साहू धर्मशाला तक नालों की हुई सफाई



नाले के भीतर घुसकर सफाई करते नगर पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नगर पालिका चेयरमैन ने जानी सफाई की स्थिति

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने पूरी तैयारी कर ली है। नालों की तलीझाड़ सफाई का कार्य चल रहा है। शनिवार को सफाईकर्मियों ने छह सड़का से लेकर साहू धर्मशाला तक नाले की सफाई की। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने सफाई की स्थिति जानती रहीं।

पालिका के सीएसएफआई मोहम्मद तैय्यब की निगरानी में लगभग 70 से ज्यादा छोटे-बड़े नालों की सफाई कर्मचारियों और मशीनों के माध्यम से कराई जा रही है। सीएसएफआई ने बताया कि जैसे ही पानी सूखता है तीन दिनों के भीतर सिल्ट हटाने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। इससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

अभी तक बरेली रोड, मधुवन कॉलोनी, स्टेशन रोड, जवाहरपुरी पुलिस चौकी, माल गोदाम रोड जफा की कोठी से टेलीफोन एक्सचेंज, ब्राह्मपुर, इमली चौक, कैलाश टॉकीज, छह सड़का, गोपी चौक, सराय फकीर, लालपुल होते हुए सोत नदी तक के नालों की सफाई की जा चुकी है। चेयरमैन ने कहा कि यह सफाई अभियान बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

# गांव में शुरू हुआ स्वच्छता सर्वेक्षण, होगा मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सर्वेक्षण के लिए पंचायती राज विभाग गठित कर रहा टीम

> स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। सर्वेक्षण के लिए टीमें गठित हो रही हैं। केंद्र सरकार भी टीम आकर सर्वेक्षण करेंगी। सर्वेक्षण विभिन्न बिंदुओं पर होगा। एडीओ पंचायत के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
> – यावर अब्बास, डीपीआरओ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू करने की कवायद शुरू हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत होने वाला स्वच्छता सर्वेक्षण 14 अगस्त तक जारी रहेगा। विभिन्न बिंदुओं पर सर्वेक्षण करने के लिए पंचायती राज विभाग टीमों को गठित कर रहा है। डीपीआरओ ने सभी ब्लॉकों के एडीओ पंचायत को निर्देश दिए हैं।

सर्वेक्षण में ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न बिंदुओं पर टीम सर्वेक्षण करेगी। सर्वेक्षण के लिए कर्मियों को आवश्यक जानकारियां दी गई हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न मापदंड परखे जाएंगे। इसके आधार पर मूल्यांकन करके राष्ट्रीय रैंकिंग प्रदान की जाएगी। डीपीआरओ द्वारा एडीओ पंचायत को जारी किए गए निर्देश में कहा गया कि प्रत्येक चयनित गांव में पांच सार्वजनिक स्थलों विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत कार्यालय और बाजार की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के होने जा रहे सर्वेक्षण के पहले चरण में खुले में शौच समाप्त करने पर जोर दिया गया था। इस बार दूसरे चरण में खुले में शौच मुक्ति की स्थिरता बनाए रखने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लागू करके संपूर्ण स्वच्छता की दिशा में कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। एक हजार अंकों पर स्वच्छता सर्वेक्षण होगा। इसमें गांवों की स्वच्छता स्थिति पर 540 अंक, संयंत्रों की कार्य क्षमता के प्रत्यक्ष अवलोकन पर 120, नागरिक प्रतिक्रिया पर 100 अंक तथा सेवा स्तर की प्रगति के आकलन पर 240 अंक निर्धारित किए गए हैं।

## जेसीबी से हो रहा अवैध खनन, ग्रामीण परेशान

**मुजरिया, अमृत विचार :** जिला प्रशासन की खामोशी खनन कारोबार को बढ़ावा दे रही है। मुजरिया क्षेत्र में कई खनन प्वाइंट हैं। वितरोई, मौलिया नगला, मूडसान, नेदुआ, फतुल्लागंज, ज्योरा, कोल्हाई सहित दर्जन भर स्थानों से लगातार खनन की शिकायतें आ रही हैं। यहां तक कि रात को जेसीबी से और दिन में मजदूरों से ट्रैक्टर ट्रॉली भरी जाती हैं। खनन का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। परमीशन के नाम पर कुछ ट्रैक्टर वाले विभाग से एक रसीद बनवा लेते हैं यदि कोई पूछता है तो वही रसीद दिखा दी जाती है। मौलिया नगला में जेसीबी से खनन करने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# सार-संक्षेप

## रोटरी क्लब ने मंदिर के बाहर लगवाया वाटर कूलर



**बदायूं, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बदायूं की ओर से बिरुआबाड़ी मंदिर के बाहर वाटर कूलर लगवाया गया। इससे राहगीरों को गर्मी में राहत मिलेगी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन पंकज गुप्ता, सचिव गोपाल रस्तोगी, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन मुकेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष किशन वैश्य, अमर वैश्य, अजीत वैश्य, दीपेश धींगरा आदि उपस्थित रहे।

## जिला बार एसोसिएशन ने सौंपा एसपी देहात को ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** लोगों के रुपये लेकर भागी अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के संबंध में जिला बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसपी देहात डॉ. केके सरोज को सौंपा। एसोसिएशन के महासचिव अधिवक्ता अरविंद सिंह परमार ने कहा कि कंपनी के रुपये लेकर भागने के बाद से अधिवक्ताओं में रोष है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कंपनी से निवेशकों के रुपये वापस दिलाने, आरोपियों की गिरफ्तारी, उनकी संपत्ति कुर्क व नीलाम करने की मांग की। कहा कि ऐसा न होने पर अधिवक्ता व अन्य लोग आंदोलन करेंगे।

## बैठक में एकजुट रहने का किया आह्वान



**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय वैश्य महासभा की बैठक श्री रामनगर कॉलोनी स्थित जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के आवास पर हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने की। बैठक में एक दर्जन लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। समाज के लोगों से संगठित रहने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सभी वैश्य वर्गों को एक साथ एक मंच पर लाकर उन्हें मजबूती प्रदान करना है। राष्ट्रीय महासचिव संजीव कुमार वासने, राष्ट्रीय महासचिव सुबोध कुमार गोयल, शैलेश महेश्वरी, सत्यनारायण गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, नरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, राहुल महेश्वरी, मयूर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## जन दृष्टि ने निकाला पैदल मार्च, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** जन दृष्टि (व्यवस्था सुधार मिशन) के तत्वावधान में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का आयोजन संगठन के शिव पुरम स्थित मुख्यालय पर हुआ। व्यवस्था सुधार मिशन के जनक हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला गया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट ने कहा कि देश प्रगति के पथ पर है। एमएल गुप्ता, प्यारे लाल, सुरेश पाल सिंह, एचएन सिंह, समीरुद्दीन एडवोकेट, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी रामगोपाल, मंडल समन्वयक एमएच कादरी, सह मंडल समन्वयक ज्ञानदीप शर्मा, सह जिला समन्वयक राम लखन आदि मौजूद रहे।

## आंवला सांसद ने किसानों की जानी समस्याएं



**बदायूं, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा के सांसद नीरज मौर्य दातागंज विधानसभा क्षेत्र के गांव मनकापुर गंगापुर कौर पहुंचे। यहां कार्यक्रमों का आयोजन किया। सांसद ने ग्रामीणों से खेती-किसानी, बिजली और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी की। सांसद ने कहा कि आज के समय भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान दिन रात काम करते हैं, रात को खेत पर रुककर फसल की रखवाली करने को मजबूर हैं। नौजवान बेरोजगार हैं। ग्रामीणों से कहा कि इन समस्याओं से निजात पाने के लिए संकल्प लें कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को वोट करके सरकार बनवाएंगे। वीरेंद्र कुमार, गंगा सिंह, जुगेंद्र, प्रमोद, विनोद कुमार, शेरसिंह, जवाहर लाल, मनोज उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जय प्रकाश ने संभाला बिल्सी एसडीओ का चार्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** पिछले दिनों बिल्सी में तैनात रहे एसडीओ शोएब अंसारी को विभागीय लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया था। बाद में उन्हें स्थानांतरण कर दिया गया। अब विभाग ने उनके स्थान पर लखनऊ में तैनात रहे जयप्रकाश को यहां भेजा गया। उन्होंने शनिवार को यहां कार्यालय पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### सपा के प्रदेश सचिव बने सैय्यद आजम अली

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के कोठी नवाब दूल्हा निवासी सैय्यद आजम अली को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। शनिवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। वह कई साल से जिले की राजनीति में सक्रिय हैं। वह नियुक्ति पहले से प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य थे। वह कांग्रेस पार्टी में कई साल तक प्रदेश सचिव और कई जिलों के प्रभारी रहे।

# सर्राफा व्यापारी की दुकान से 16 लाख की चोरी

## छत के सहारे भीतर घुसे चोरों ने दुकान को बनाया निशाना

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** चोरों ने मुख्य बाजार में सराफा व्यापारी की दुकान को निशाना बनाया। छत के सहारे भीतर घुसे और 50 हजार रुपये समेत 16 लाख के जेवर चोरी कर लिए। व्यापारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।



चोरी के बाद खुली पड़ी तिजोरी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला निवासी धर्मेंद्र वर्मा की मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर के मुख्य बाजार में गौरी ज्वैलर्स के नाम से किराए पर दुकान चलाते हैं। शुक्रवार रात वह दुकान बंद करके घर गए थे। शनिवार सुबह सात बजे साकिर हुसैन ने उन्हें फोन करके दुकान से चोरी की सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे। देखा दुकान के सभी ताले टूटे पड़े थे। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। व्यापारी ने बताया कि चोर दुकान की छत के सहारे दुकान के भीतर घुसे। तिजोरी में रखे लगभग 12 लाख रुपये के 20 किग्रा चांदी के जेवर, 3.80 लाख रुपये के 50 ग्राम सोने के जेवर और 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। कुछ देर के बाद थाना मूसाझाग पुलिस भी पहुंची। मौके मुआयना करके पुलिस वापस लौट गई। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया था। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जान से मारने का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कस्बा कुंवरगांव में 24 मई को वजीरगंज के गांव निमठोली से बारात आई थी। इसमें वजीरगंज के वार्ड नंबर छह निवासी अंश ठाकुर के साथ मारपीट की गई थी।

दबंगों ने जान से मारने की नियत से फायर किया था। इसका वीडियो वायरल हुआ। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दीपक ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, वैभव, नितिन, जानू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दो दिन पहले अर्जुन ठाकुर को तमंचे के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा था, जबकि वैभव फरार चल रहा था। शनिवार दोपहर एक बजे पुलिस ने उसे भी नगर पंचायत पार्किंग के पीछे प्रहलादपुर जाने वाले मार्ग स्थित शिव मंदिर से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# दो पक्ष में कहासुनी के बाद दबंगों ने फैलाई दहशत

संवाददाता, विजय नगला

- बाइक फिसलने को लेकर हुआ था विवाद
- वीडियो वायरल की जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** दबंगों ने लोहे के पाइप और अवैध हथियार से बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव विजय नगला चौराहे पर दहशत फैला दी। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जांच कर रही है।

मामला बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित विजय नगला चौराहे पर शुक्रवार रात लगभग आठ बजे का है। गांव सिकरोड़ी के लगभग तीन दर्जन से ज्यादा युवक लोहे पाइप और नाजायज असलाह लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। लोगों ने बताया कि एक दिन पहले विजय नगला और सिकरोड़ी के दो पक्ष के बीच बाइक फिसलने को लेकर कहासुनी हो गई थी। सिकरोड़ी के लोगों ने विजय नगला के युवकों को पीटकर घायल कर दिया था। सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने पर बुलाया था। घायल पक्ष की शिकायत पर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा, लेकिन दोनों पक्ष के एकत्र होने के बाद फैसला हो गया था। शुक्रवार को भी दोनों पक्ष में फिर से कहासुनी हुई थी। इसके चलते युवक चौराहे पर पहुंचे और दहशत फैलाई। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## चारपाई पर सोए किसान पर गिरा पंखा, जान गई

**बदायूं, अमृत विचार :** खेत से लौटकर आराम करने के लिए चारपाई पर लेटे किसान के ऊपर फर्राटा पंखा गिर गया। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और उनकी मौत हो गई। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकरापुर निवासी टीकाराम (45) पुत्र भगवंत सिंह खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शनिवार को वह खेत पर फसल देखने और पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। दोपहर में वापस लौटे तो ज्यादा गर्मी लग रही थी। वह फर्राटा पंखे के पास चारपाई पर लेट गए। इसी दौरान फर्राटा पंखा उनपर गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। यहां किसान की मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र जगपाल व उसकी पत्नी गीता देवी व उसके दोनों पुत्र अभिजीत व अनुप्रीत व पुत्री आस्था व छोटे पुत्र विजय पाल व उसकी पत्नी सुषमा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किस भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। चन्दन लाल पुत्र मंगली प्रसाद निवासी ग्राम सुन्डियावा तहसील व नवाबगंज जिला बरेली।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद शाहिद को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी मोहल्ला नूरी नगर कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

# किन्नरों ने पकड़ा युवक, हत्या की सुपारी लेने का आरोप

संवाददाता, उझानी

- पीछा कर रहे बाइक सवार को किन्नरों ने पकड़ा, युवक से बरामद हुआ तमंचा व कारतूस

**अमृत विचार :** उझानी कोतवाली के कस्बा के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी किन्नर गंगा उर्फ सना और शिष्या हाजी नूरी ने शनिवार को बिल्सी कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक को अपनी साथी किन्नरों की मदद से पकड़ा। उसके पास से तमंचा बरामद करके पुलिस को सौंप दिया।

तहरीर देकर किन्नर गंगा ने आरोप लगाया कि युवक काफी समय से उनका पीछा कर रहा था। शनिवार दोपहर वह साथी किन्नरों के साथ गाना-बजाने कल्याण सिंह चौक से निकल रहे थे। उनके कार चालक ने बताया कि बाइक सवार एक युवक उनका पीछा कर रहा है। किन्नरों ने बाइक सवार युवक का पकड़ लिया। उसके पास से लोडेड एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। किन्नर का आरोप है कि बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने उसकी हत्या के लिए पांच लाख रुपये की सुपारी दी है।

उसी ने तमंचा और कारतूस उपलब्ध कराए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी नीरज मलिक ने बताया कि युवक से तंचा और दो कारतूस बरामद हुए। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मिठाई विक्रेता ने युवती से की छेड़छाड़

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के एक मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने एक मिठाई विक्रेता पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि शनिवार सुबह के समय उसका पति सिरासौल स्थित एक मिठाई विक्रेता के यहां काम करने गया था। सुबह के समय मिठाई विक्रेता घर में घुस गया और छेड़छाड़ की। महिला ने चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी वहां से भाग गया। महिला ने उक्त आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# खराब होने लगी खेतों में कटी मक्का

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पिछले चार दिन से हो रही हल्की बारिश से मक्का किसानों की धड़कने तेज हो गई हैं। खेतों में कटी मक्का पानी से खराब हो रही है। दो दिन तक पानी में रहने के कारण मक्का सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। कई किसानों ने कच्ची मक्का काट कर खेतों में डाल दी है, जो अब बारिश में खराब हो रही है।



बारिश से खेतों में खराब हो रही कटी पड़ी मक्का। • अमृत विचार

- बारिश से किसानों को भारी नुकसान होने का भय, गिरा भाव

इन दिनों खेतों में हाइब्रिड मक्का तैयार खड़ी है। कई किसानों ने मक्का काट कर मंडी तक पहुंचा दी है, जबकि अधिकांश किसानों की मक्का खेतों में कटी पड़ी है। अब चार दिन से हल्की बारिश हो रही है। बारिश में खेतों में पड़ी मक्का खराब होने लगी है। मक्का के खेतों में पानी भर जाने से या खेत गीला होने के कारण मक्के का भुट्टा खराब हो रहा है। भुट्टा खराब होने से मक्का की पैदावार पर विपरीत असर पड़ता है। किसानों ने बताया कि मक्का धूप में काटकर मशीन से निकाली जाती है उसके बाद मक्का को सुखाया जाता है तब कहीं मंडी तक पहुंचती है। लेकिन बारिश में मक्का खराब होने से किसानों को भारी घाटा होने की आशंका है। उपरैला निवासी किसान हरपाल ने बताया कि उनकी 10 बीघा मक्का खेत में कटी पड़ी है, जो अब बारिश में खराब हो रही है। यदि दो तक मौसम खराब रहता है तो भारी नुकसान होगा। कुछ किसानों ने अभी मक्का काटी नहीं है। उन्हे बारिश होने की आशंका परेशान कर रही है। कुतरई निवासी वीरेंद्र ने बताया कि इस बार मक्का को बारिश से अधिक नुकसान हो रहा है।

## ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत पत्नी गंभीर घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कछला चौराहा निवासी कय्यूम (56) की पत्नी शहनाज की तबीयत खराब थी। वह पत्नी को दवा दिलाने के लिए बाइक से सहसवान गए थे। बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर पहलवान ढाबे के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कय्यूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शहनाज गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस बाइक को टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश में है।

**आवश्यकता**
Class I - 8th सा. विषय, इंगलिश, विज्ञान, गणित, योग्य शिक्षिकाएं, आवेदन सहित साक्षात्कार 25.6.25 को प्रात: 10 से 1
**Hena Convent School**
Nadosi, (Parasakhera) Bareilly
**Mob: 9760936161**

**आवश्यकता है**
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की (सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
23 और 24 जून 2025
समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
**एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल**
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

# करंट की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बरेली-दातागंज मार्ग स्थित गांव ब्रह्मपुर चौराहे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र में एक डीसीएम हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य श्रमिक झुलस गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। झुलसे श्रमिक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

हादसा शनिवार को बरेली-दातागंज मार्ग स्थित गांव ब्रह्मपुर के चौराहे पर हुआ। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव बलिया निवासी राजेश अपने साथियों के साथ हरियाणा के झज्जर में रहकर मजदूरी करते थे। वह अपने साथियों के साथ डीसीएम से वापस लौट रहे थे। चालक ने चौराहे पर डीसीएम खड़ी थी। इस दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन डीसीएम से छू हो गई। करंट की चपेट में आकर राजेश की मौत हो गई, जबकि डीसीएम सवार नन्हें और बृजलाल झुलस गए। झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाला गया और उपचार के लिए दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया।

## श्रोताओं ने सुनी शिव पार्वती की अमर कथा

**उझानी, अमृत विचार:** गांव वनगवां स्थित सत्योदय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में 9 दिवसीय राम कथा का आयोजन चल रहा है। शनिवार को कथा वाचक ने शिव पार्वती की अमर कथा प्रसंग वर्णन सरल और मधुर वाणी से सुनाया। जिसे सुनकर उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। इस मौके पर अंजू चौहान, निर्दोष कुमार, पूजा शर्मा, विजय सोलंकी, विकास सोलंकी, जितेंद्र सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे।

# धान की रोपाई के लिए खेतों की जुताई शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्री मानसून का प्रवेश हो गया है। कभी दिन में तो कभी रात के समय रुक-रुक कर बारिश शुरू हो गई है। बारिश होने पर किसान खुश दिख रहा है। किसान अन्य कार्य छोड़कर खेती किसानी में जुट गया है।

धान पौध की रोपाई के लिए खेतों की जुताई शुरू कर दी है। किसान जल्द से जल्द फसल की बुवाई के लिए खेतों को तैयार करने में जुटा हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो इस बार मानसून समय पर शुरू हुआ है।

जबकि अन्य सालों में मानसून की शुरुआत जून माह के अंत या फिर उसके बाद जिले में प्रवेश करता था। कृषि अधिकारी कहते हैं कि इस बार अच्छी बारिश होगी। पिछले चार दिनों से मौसम में बदलाव देखा गया है। कभी तेज तो कभी रिमझिम वाली बरसात हो रही है। गुरुवार की देर शाम तेज बारिश हुई। देर रात तक रिमझिम बारिश को दौर जारी रहा। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं तापमान भी नीचे आया है। मौसम में आए बदलाव के बाद तापमान में आठ से छह डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। खेती किसानी ने जोर पकड़ लिया है। किसान धान की पौध लगाने तथा अन्य फसल की बुवाई के लिए खेतों को तैयार कर रहे हैं। उनके द्वारा धान की नर्सरी डाली जा रही है।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।
प्रबन्धक
पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
मो.- 9452016953, 9450175793

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

**BIU COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

**ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**BIU College of Management**
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
FOPS FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES BAREILLY Towards Professional Excellence
**Faculty of Paramedical Sciences**
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL**
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

**Rohilkhand College of Paramedical Sciences**
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## बिल्सी के वार्ड 12 में नहीं हो रही नियमित साफ-सफाई

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो के वार्ड संख्या 12 में इन दिनों नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों के द्वारा नियमित सफाई नहीं की जा रही है। इससे वार्ड में कभी भी संक्रामक रोग फैल सकते हैं। इसको लेकर सभासद नगमा बेगम ने अधिशासी अधिकारी से शीघ्र वार्ड में विशेष अभियान चलाकर सफाई कराए जाने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि वार्ड में जो सफाई कर्मी तैनात है वह अपनी मनमानी से सफाई करता है। कई-कई दिनों तक वार्ड में सफाई करने-कूड़ा उठाने नहीं आता है। जिस कारण नालियों व गलियों में जलभराव व गंदगी बनी रहती है। जिससे संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना रहता है। उनके द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों को इस संबंध में अवगत कराया है। मगर किसी ने इस पर कोई सुनवाई नहीं की है।

## सड़क हादसों का कारण बन रहे पशु

**बदायूं, अमृत विचार :** छुट्टा पशु सड़क हादसों का कारण बन रहे है। आए दिन इन पशुओं की वजह से कोई न कोई हादसे हो रहे है। लोगों ने इन पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की है। ताकि इन पशुओं के कारण हो रहे हादसों पर अंकुश लग सके।

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
कोरैया पुरवा-रवहीं, लखीमपुर खीरी
(सम्बद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. जन्तु विज्ञान- पांच पद 2. वनस्पति विज्ञान- पांच पद 3. रसायन विज्ञान- पांच पद 4. भौतिक विज्ञान- पांच पद 5. गणित- पांच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. हिन्दी- दो पद 2. भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोट:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
प्रबन्धक
डॉ. घनश्याम लाल
मो. 7499792149

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# आनंद का विज्ञान है योग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।**

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी है। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षो की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-"ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोंचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरूष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।



डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।



डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते



**पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है- जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।**

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## अमृतसर एक्सप्रेस के ठहराव में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली स्टेशन से चलने वाली कुछ ट्रेनों के ठहराव में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब नई दिल्ली के बजाय ये ट्रेनें आनंद विहार टर्मिनल से चलेंगी या समाप्त होंगी।

ट्रेन संख्या 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली पहले नई दिल्ली स्टेशन पर 12 बजे पहुंचती थी लेकिन अब 19 अगस्त से आनंद विहार टर्मिनल पर सुबह 11:55 बजे पहुंचेगी। वहीं 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी 20 अगस्त से नई दिल्ली के बजाय आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर 3:20 बजे चलेगी। इसके अलावा 12204/12203 अमृतसर-शकूरबस्ती-शकूरबस्ती-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक के मार्ग में भी संशोधन किया गया है। अब यह ट्रेन नई दिल्ली स्टेशन के बजाय दिल्ली स्टेशन पर ठहरेगी। 12204 अब 17 अगस्त से अमृतसर से चलेगी और दिल्ली जंक्शन पर 11:05 बजे पहुंचेगी।

# रुविवि : कई डिप्लोमा कोर्सों में आधे से ज्यादा सीटें खाली

### 4 पाठ्यक्रमों में एक भी छात्र नहीं, 46120 छात्रों ने कराया पंजीकरण

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में डिप्लोमा और कुछ पीजी डिप्लोमा कोर्सेस में विद्यार्थियों की संख्या बेहद कम है। 40 सीटों वाले कई डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 10 से भी कम छात्र हैं, जबकि चार पाठ्यक्रमों में छात्र ही नहीं हैं।

डिप्लोमा कोर्सेस में इलेक्ट्रॉनिक्स (ईआई) में आठ, इलेक्ट्रिकल (ईई) में नौ, सिविल (सीएच) में 15, मैकेनिकल (एमई) में 22 और इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन (ईसी) में 20 छात्र नामांकित हैं। जबकि मेडेरियन, स्पैनिश, जर्मन और फ्रेंच जैसी विदेशी भाषाओं में छात्रों की संख्या पांच से भी कम है। पीजी डिप्लोमा कोर्सेस की बात करें तो एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट और योगा में शून्य नामांकन है। साइबर लॉ में नौ, ह्यूमन राइट्स में दो, लीगल और पैरा लीगल में चार व मीडिया लॉ में भी सिर्फ चार छात्र हैं।

तकनीकी पाठ्यक्रमों की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। बीटेक के 340 स्थान लॉक हो चुके हैं, लेकिन 176 दाखिले अभी ड्राफ्ट में हैं। एमटेक (सीएस और ईई) में एक भी विद्यार्थी नहीं है। वहीं बीफार्मा में 269, एमबीए में 102 और बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स में 630 छात्रों का नामांकन है।

यूजी कोर्सेस में बीएमएस (169), बीएमएचसीटी (72) और अंग्रेजी में दो प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (कम्युनिकेटिव इंग्लिश और बिजनेस इंग्लिश) में क्रमशः 21 और 10 छात्र हैं। एमए में भी कुछ विषय जैसे पाली भाषा और बौद्ध संस्कृति में केवल एक और दर्शनशास्त्र में नौ नामांकन ही हुए हैं। कुल मिलाकर विश्वविद्यालय में 46120 छात्रों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें से 3951 मुख्य परिसर के हैं। इनमें भी 2171 का दाखिला हो चुका है, जबकि 1780 अभी ड्राफ्ट में हैं। ट्रांजेक्शन 43855 छात्रों के हो चुके हैं। इस संबंध में मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश होंगे।

## छात्र के साथ लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **पुलिस ने पकौड़ी और उसके साथी को दबोचा, एक फरार**
- **आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया**

**अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना पुलिस ने छात्र से बाइक और मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि एक मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिथरी चैनपुर के गांव पुरनापुर निवासी घायल प्रमोद उर्फ पकौड़ी और सन्नी कुमार के रूप में हुई है।

हाफिजगंज थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि श्यामाचरन निवासी गांव जासपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जून की शाम 4 बजे उसका नाती जितिन गांव के पास कच्चे रास्ते पर बाइक चलाना सीखने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पर एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उसे तमंचा दिखाकर मोबाइल फोन और बाइक लेकर फरार हो गए। शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी गुलड़िया महीपत के जंगल के पास से निकलने वाले हैं। पुलिस टीम ने तुरंत वहां पर वाहनों की चेकिंग करना शुरू कर दिया। इसी बीच तीनों एक मोटर साइकिल से आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में प्रमोद उर्फ पकौड़ी के पैर में गोली लगने से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने मौके से पकौड़ी और सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कार सवार दो की मौत

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** खटीमा-पानीपत नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात इनोवा की धान के बोरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर हो गई। जिसमें इनोवा में सवार दो लोगों की काशीपुर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया है।


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

रुद्रपुर काशीपुर फोरलेन मार्ग पर मिलक नौखरीद के निकट बाजपुर दिशा की ओर से धान के बोरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली की काशीपुर की ओर जा रही इनोवा कार से टक्कर हो गई। इनोवा कार में सवार चैती काशीपुर निवासी दिलबाग सिंह उम्र 55 पुत्र जीत सिंह और जसविंदर सिंह उम्र 45 की घायल हो गए। दुर्घटना होते ही फोरलेन मार्ग पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। घायलों को वाहन से काशीपुर के हायर सेंटर भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा भरकर पुलिस ने काशीपुर में ही पोस्टमार्टम कार्रवाई कराई। दुर्घटना के बाद से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक कार से काशीपुर से रुद्रपुर जा रहे थे। हादसे के बाद भीड़ एकत्र रही।

## युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नवादा इंदेपुर में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। चौक कोतवाली के गांव नवादा इंदेपुर निवासी 32 वर्षीय कैलाश भारती अपनी दादी के यहां बच्चों के साथ रहता था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

उसकी मां कांट थाना क्षेत्र के गांव कुदिया गांव में रहती है। वह दादी के यहां रहकर मजदूरी करता था। बताते है कि वह मकान के दो मंजिल से जीने से गिर गया था और घायल हो गया। उसकी पत्नी व अन्य लोग निजी अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर उसकी मां ने आरोप लगाया कि उसकी बहू ने उसके बेटे के सिर में डंडा मार दिया है, जिससे उसकी मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अंतर्सदनीय योग प्रतियोगिताएं हुई

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रबंधक मनु खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल तथा उप प्रधानाचार्य केसी जोशी ने संयुक्त रूप से किया।


योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। • अमृत विचार

छात्रों के द्वारा परंपरागत योग किया गया। जिसमें एडवांस योगा के अंतर्गत सतलुज तथा नर्मदा सदन प्रथम, कृष्ण सदन द्वितीय तथा गंगा सदन तृतीय स्थान पर रहा। ट्रेडिशनल योगा में बालक वर्ग में सतलुज सदन प्रथम, कृष्णा सदन द्वितीय तथा नर्मदा सदन तृतीय, बालिका वर्ग में गंगा प्रथम, कृष्णा द्वितीय, सतलुज तथा नर्मदा तृतीय स्थान पर रहा। उसके बाद आर्टिस्टिक योगा किया गया, जिसमें बालक वर्ग में सतलुज सदन प्रथम, गंगा सदन द्वितीय तथा नर्मदा सदन तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में सतलुज प्रथम, गंगा द्वितीय तथा नर्मदा तृतीय स्थान पर रहा। रिदमिक योगा में नर्मदा सदन प्रथम, सतलुज द्वितीय तथा गंगा तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्रा काव्या गुप्ता और छात्र समृद्ध मोहित मल्होत्रा के द्वारा किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने कहा सरकार तथा विद्यालय की तरफ से योग के संदर्भ में सालों में जो जागरूकता आई है वह सराहनीय है। कार्यक्रम के आयोजन में योग शिक्षक प्रसून त्रिपाठी, सदन प्रमुख जिया उर रहमान, आलोक, गोविंद सिंह मोगा, अंजना सक्सेना, नैना आनंद, फरहाना खान, अखिल, इशिका शुक्ला, स्मिता खुराना, आकाश, रिद्धि बहल, गीतिका, एकता खन्ना, सोनिया, राहुल, निधि सक्सेना, स्मृति, अनिका, पूजा बाजपेई, प्रीति पांडेय, विकास गुप्ता, वहिद अहमद, अंकित श्रीवास्तव, कार्तिक, शिवम सक्सेना, शिवम शुक्ला, शिवम वर्मा, रोशन लाल गुप्ता आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# महिला की जान गई, हत्या करने का आरोप

### चार साल के बेटे को बहन के परिवार को देने के लिए होता था विवाद

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** टांडा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। महिला के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी तक पुलिस के पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं पहुंची है। जिससे महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सके।


मृतका का फाइल फोटो।


महिला के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। • अमृत विचार

टांडा थाना क्षेत्र के गांव परशुपुरा निवासी आसिया की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए। उसके बाद शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी गई। उसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। मृतका के रिश्तेदारों का कहना था, महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। आसिया का पति अपने चार साल के बेटे को अपनी बहन को देने के लिए कह रहा था। लेकिन वह उसको देने से मना करती थी। जिसके चलते दोनों में आए दिन इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा होता रहता था। टांडा एसओ प्रदीप कुमार का कहना है कि महिला की मौत बीमार से हुई है। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### 4 महीने का हुआ था गर्भपात

पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप पर गंभीरता से जांच कर रही है। लेकिन पुलिस को लोगों से पूछताछ करने के बाद पता चला कि महिला गर्भवती थी। लेकिन चार माह पहले गर्भपात हो गया था। जिस कारण से खून ज्यादा बह गया था। परिजनों ने उसका इलाज सही से नहीं कराया। उसकी अब बीमारी के चलते मौत हो गई है। पुलिस अन्य लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किसान की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव कंचनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव धावनी बुजुर्ग कंचनपुर निवासी किसान देवकीनंदन खेती किसानी करता था। शुक्रवार रात वह पत्नी विमलेश और पुत्र के साथ सोया था। शनिवार सुबह गांव के पप्पू ने आवाज दी। तब पत्नी ने देवकी नंदन को जब जगाने के कोशिश की जब वह नहीं उठा। परिजनों ने जब देवकी नंदन को मृत देखा, तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक की पत्नी, परिजनों से पूछताछ की। फोरेंसिक विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच के लिए साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## देवर पर शारीरिक संबंध का दबाव बनाने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले फर्रुखाबाद के एक युवक के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने दस लाख रुपये और कार की मांग की। पीड़िता ने असमर्थता जाहिर की तो ससुराल वाले नाराज हो गये और उसे मारने पीटने लगे। पीड़िता के पिता की चिंता के कारण अचानक मौत हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से उसे पति का सुख प्राप्त नहीं हुआ। परिवार वालों ने उसका इलाज कराया तो डाक्टर ने कह दिया कि जन्म से है। पीड़िता अपना वैवाहिक जीवन रखना चाहती थी। उसका आरोप है कि उसका देवर जबरन शारीरिक संबंध बनाना चाहता था और आए दिन अश्लील हरकतें करता था। विरोध करने देवर उसके साथ मारपीट करते थे। 26 मार्च को मायके वाले गए और उसे घर लेकर आ गए। पीड़िता ने थाना पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए सात दुकानें तोड़ीं

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई में स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शनिवार को मस्जिद से सटी 7 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का महिलाओं ने विरोध किया और पुलिस पर पथराव भी किया। रामपुर से बाजपुर तक के स्टेट हाईवे की चौड़ाई 7 मीटर है। उसे 10 मीटर तक चौड़ा किया जाना है। इसी क्रम में सड़क किनारे बने अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।

## थाना घेराव की सूचना पर तैनात हुई पीएसी

**विजय नगला, अमृत विचार :** महान दल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस को उनके थाने का घेराव करने की सूचना मिली। पुलिस ने थाने पर पीएसी और दूसरे थाने की पुलिस को तैनात किया गया है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव कथरा खगेई में शुक्रवार को महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने बिना अनुमति के जनसभा की थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे थे और जनसभा रोकने को कहा था। इतने में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व पूर्व मंत्री भगवान सिंह शाक्य के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। समाज में उन्माद फैलाने का भाषण देने लगे। पुलिस ने खासी मशक्कत के बाद जनसभा को बंद कराया था। पुलिस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व आयोजक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसकी जानकारी होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने थाने के घेराव की धमकी दी। जिसके चलते थाने पर पीएसी और हजरतपुर थाने की पुलिस को तैनात किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाने के घेराव की सूचना मिली थी। सुरक्षा के मद्देनजर उच्चाधिकारियों को जानकारी देकर पीएसी व पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल कोई भी घेराव करने नहीं आया है। शांति व्यवस्था कायम है।

## पुलिया के नीचे मिला अज्ञात शव

**रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में सराय काइयां में तिराहे वाली पुलिया के नीचे शुक्रवार की दोपहर तीन बजे एक व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिया के नीचे से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की उम्र 40 साल है और नीला अंडरवियर, सैंडो बनियान पहने हुए है। उसके पास 50 रुपये के चार नोट मिले है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# गांव इमलिया में लो वोल्टेज की समस्या

**संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)**

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर क्षेत्र के गांव इमलिया में काफी समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे ग्रामीणों के बिजली उपकरण शो पीस बने हुए हैं। गांव में रखा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर घरों के कनेक्शनों का लोड नहीं झेल पा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि गांव में बिजली तो आती है, लेकिन पंखा और कूलर लो वोल्टेज से धीमी गति से नहीं चलते हैं।


प्रदर्शन के दौरान मौजूद गांव इमलिया के ग्रामीण। • अमृत विचार

ग्रामीण बताया कि गांव में लगभग 700 उपभोक्ताओं के कनेक्शन हैं। इनका लोड ट्रांसफार्मर नहीं झेल पा रहा है। पिछले साल बिजली उपकेंद्र कुंवरगांव पर और आईजीआरएस पर शिकायत कर कई बार मांग की थी कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ा दी जाए या गांव में एक दूसरा ट्रांसफार्मर रख दिया जाए, लेकिन आज तक बिजली विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। गांव में लाइनें जर्जर हालत में झूल रही हैं। इनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शनिवार को ग्रामीणों ने गांव में बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर दूसरे ट्रांसफार्मर की मांग की। इस दौरान योगेन्द्र, हरिशंकर, चंद्र प्रकाश, लालू, राहुल, त्रिवेंद्र, अनुज कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आल सेंट्स स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत भाषण से हुई। उसके पश्चात योग प्रशिक्षक रोज खां की ओर से विभिन्न योगासनों और प्राणायाम की विधियां सिखाई गईं, जिनमें ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्रमुख रहे। स्कूल डायरेक्टर सचिन बाथम ने योग दिवस की महत्वता पर प्रकाश डाला। बच्चों को योग के फायदे भी बताए। प्रधानाचार्य साक्षी रस्तोगी, अज़ीम अंसारी, अश्विनी सक्सेना, समन खां का सहयोग रहा।

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विषय पर डाला प्रकाश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के इंडोर स्टेडियम में एक संगोष्ठी एवं योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. आरके आजाद ने जीवन में योग की महत्ता के विषय में बताते हुए कहा कि योग शरीर के लिए मुफ्त की औषधि है। योगाचार्य प्रवीण मिश्रा, सौरभ गोयल एवं रचना चांदना के निर्देशन में लगभग 150 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सूर्य नमस्कार के साथ-साथ ताड़ासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, हलासन, उष्ट्रासन, सहित कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम विलोम आदि प्राणायामों एवं विभिन्न योग मुद्राओं का भी अभ्यास किया गया। इस अवसर कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल, डॉ. जयशंकर ओझा, प्रो. आदित्य कुमार सिंह, प्रो. प्रभात शुक्ल, प्रो. मीना शर्मा, डॉ. शालीन कुमार सिंह, डॉ. राजीव कुमार, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. राम निवास गुप्ता, अवनीश चौहान, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, शिवओम शर्मा, मनोज अग्रवाल, कमलेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

### योग केवल व्यायाम नहीं, जीने की भी कला



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** योग से भारत महान बनेगा, योग से जीवन मे संतुलन है और योग से युग बदलेगा, उक्त उदगार 11वें योग दिवस के मौके पर एसपी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आयोजक पीयूष बेरी ने दिए। कहा कि विश्व योग दिवस पर हम सहज योग परिवार आपको योग्याभ्यास के माध्यम से दिव्यता की शक्ति प्राप्त करने की जानकारी दे रहे हैं। विनोद ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना है जो हमें संतुलित स्वस्थ और सुखमय जीवन की ओर अग्रसर करती है।

### शुरू हुआ 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**बिसौली, अमृत विचार :** खेलो भारत अभियान के अंतर्गत बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज मैदान में 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी हरिओम पाराशरी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय युवाओं की खेल प्रतिभाग को मंच प्रदान करना है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बिसौली विजय शुक्ल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ब्रज प्रांत के मंत्री अंकित पटेल, जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। संयोजक विद्यार्थी परिषद के मोहित शर्मा, शिवम प्रताप सिंह, थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह, समाजसेवी मनोज गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मिंटू, राजीव सिंह, वैभव शर्मा, राजविक्रम सक्सेना, अजय यादव, वैभव, हिमांशु उपाध्याय, दक्ष, अखलाख, विक्की आदि उपस्थित रहे।

### बच्ची के साथ हुए बलात्कार की हो सीबीआई जांच



**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद कौशांबी के एक गांव में पिछड़े समुदाय की आठ साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। इस मौके पर मोद प्रकाश पाल, टीटू पाल, अनेक पाल, जय गोपाल, बदन पाल, जितेंद्र पाल, राजीव पाल आदि उपस्थित रहे।

### पुराने विवाद को लेकर लोगों ने युवक को पीटा

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी मुकीम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में थाना क्षेत्र के ही गांव नरसुईया गया हुआ था, पड़ोस में थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव बेहटा जंगल है, वहां के कुछ लोगों से पहले विवाद हो गया था। विवादित लोगों ने उसे देख लिया और आग बबूला हो गए और उस पर कई लोग लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े। उसने नरसुईया गांव में रिजवान के घर में घुसकर जान बचाई। गांव के प्रधान ने भी उसे बचा दिया नहीं तो यह लोग उसे मार देते। उसने यह भी आरोप लगाया है कि वह भैंस खरीदने के लिए 45000 हजार रुपये लेकर गया था, वह भी आरोपियों ने छीन लिए। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### दो बहनों में मारपीट, दोनों घायल

**कलान,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी राजवती पत्नी राजेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात 7 बजे थाना मिर्जापुर के सरैया गांव का एक युवक एक लड़की लेकर घर पर आया था, जिसका उसने विरोध किया, तभी उसकी बहन उपासना ने कहा कि तुम्हें क्या दिक्कत है, इसी बात पर दोनों बहनों में लाठी- डंडा चलने लगे। जिससे राजेश की पत्नी राजवती एवं सरैया निवासी भंवर पाल की पुत्री उपासना घायल हो गई। घायलों में राजवती बेहोश हो गई, जिसकी हालात को देखते हुए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# मंडल के 96 ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक काम कराने को चाहिए 118 करोड़ रुपये

## पीडब्ल्यूडी ने तैयार किया एस्टीमेट, कहीं डिजाइन में सुधार तो कहीं संकेतक लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क हादसों को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद बरेली मंडल में 96 दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिह्नित किया है। यहां दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभाग ने 118 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। शासन से स्वीकृति और बजट मंजूरी के बाद कहीं सड़क की डिजाइन में सुधार कराया जाएगा तो कहीं संकेतक आदि लगाए जाएंगे। शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने पहली बार सड़क सुरक्षा के उपायों को अपनी कार्ययोजना में शामिल किया है।

पीडब्ल्यूडी ने जो कार्ययोजना बनाई है, उसमें 28 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जिसमें रिछा-जहानाबाद मार्ग, धौराटांडा मार्ग, बदायूं रोड पर महेशपुर ठाकुरान, अलीगंज मार्ग पर, रामगंगा नदी के पुल और दीनपुर की पुलिया पर, बगिया चौराहा, पगरामपुर चौराहा, अटा कायस्थान बाईपास हैं। सीबीगंज क्षेत्र के मथुरापुर, किला पुल, सिटी सब्जी मंडी, सुभाषनगर चुंगी, बदायूं रोड स्थित गन्ना मिल, चौरासी घंटा मंदिर, कैंट क्षेत्र में राजघाट, हाफिजगंज, लभेड़ा तिराहा, नवाबगंज क्षेत्र में मिलक रोड, परधौली कट, विधुरिया स्थित ब्लैक स्पॉट भी हैं।

वहीं शाहजहांपुर में जलालाबाद शमशाबाद मार्ग, जलालाबाद बुधवाना मार्ग, बीसलपुर-बंडा खुटार मार्ग, लिपलेख-भिंड मार्ग से ढकिया तिवारी एनएच 24 से फतियापुर मार्ग, फतेहगंज दातागंज मार्ग से मढ़ई मार्ग, बदायूं के दातागंज में ढिलावरी पुलिया, लालपुर खादर हजरतपुर लाभारी से टाडांडी मार्ग, बदायूं-कादरचौक गंगपुर कादरगंज मार्ग, बिसौली में उस्मानपुर, जरफीनगर, भटपुरा, रानेट चौराहा, ओरछी चौराहा, आंवला-कुंवरपुर मार्ग, बजीरगंज उसहैत मार्ग, पीलीभीत में ईदगाह मार्ग, नकटी चौराहा, आसाम चौराहा, पूरनपुर-दियोरिया कला मार्ग, कबीरगंज हजारा मार्ग चौराहा, बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग समेत 96 ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप, स्पीड टेबल, रंबल स्ट्रिप, ओवरहेड साइनबोर्ड, सोलर कैट आई, मीडियन मार्कर, कर्व स्टोन ट्री प्लेट, प्लेट ट्यूबलर मार्कर, थर्मो प्लास्टिक पेंट आदि कार्य प्रस्तावित हैं।

चीफ इंजीनियर अजय कुमार का कहना है कि जिन स्थानों को चिह्नित किया गया है। वहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। सरकार की ओर से ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर रिपोर्ट मांगी है। मांग के अनुरूप बजट उपलब्ध मिलने पर ब्लैक स्पॉट को दुरूस्त कराया जाएगा।

### पहले भी कई बार हो चुकी पहल

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंडल में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कई बार अफसरों को चिह्नित ब्लैक स्पाट पर सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दे चुकी हैं। फरवरी में तो बाकायदा मंडलायुक्त के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को मंडल के समस्त जिलों में मौके पर जाकर संयुक्त सर्वे करने के निर्देश दिए थे। रामपुर रोड पर हादसों का कारण बने राधाकृष्ण मंदिर, एएनए कालेज तिराहा और बिलवा के ब्लैक स्पाट खत्म किए जाने की योजना बनाई गई। इसके लिए कार्ययोजना और डिजाइन का प्रजेंटेशन भी मंडलायुक्त को दिखाया गया। यहां जरूरी सुधार कर सड़क को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए, लेकिन सभी जगह अस्थाई उपाय कर दिए गए। सुरक्षा के लिहाज से जरूरी और परमानेंट कार्य नहीं हुए है।

## बरेली कॉलेज में एडमिशन सेल करेगी विद्यार्थियों की मदद

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश शुरू हो चुके हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कॉलेज प्रशासन प्रवेश सेल बनाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के निर्देश पर सेल विद्यार्थियों के आवेदनों और दस्तावेजों के सत्यापन के साथ पाठ्यक्रम चयन जैसी प्रक्रिया में मार्गदर्शन देगा।

प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इस बार कॉलेज कार्यालय के बाहर एक अस्थाई काउंटर लगाया जाएगा, जहां कर्मचारी सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्यार्थियों को फॉर्म भरने, जरूरी दस्तावेज संलग्न करने और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए तकनीकी टीम को भी सक्रिय किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया जाएगा। अगले सप्ताह से मेरिट के आधार पर प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे।

## केदारनाथ यात्रा के नाम पर युवक से 25 हजार ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर निवासी एक युवक के साथ फर्जी ट्रैवल एजेंसी संचालकों ने केदारनाथ यात्रा के नाम पर 25 हजार रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

राजेंद्र नगर निवासी विकास अग्रवाल ने बताया कि 1 अप्रैल को फेसबुक पर स्क्रॉल करते समय फाटा (उत्तराखंड) से केदारनाथ यात्रा का एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए लिंक को क्लिक करते ही उसका संपर्क एक व्हाट्सएप नंबर से हुआ।

खुद को एक फर्जी एजेंसी बताने वाले व्यक्ति ने टिकट बुकिंग के नाम पर उससे 25 हजार रुपये ऑनलाइन लिया। रुपये भेजने के कुछ समय बाद जब विकास ने टिकट की वैधता की जांच कराई तो पता चला कि जो टिकट उसे भेजे गए थे वे पूरी तरह से फर्जी हैं। इसके बाद पीड़ित ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाहल नदी को पुनर्जीवित करने को शुरू होगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विलुप्त हो चुकी नाहल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिला प्रशासन इसी सप्ताह से युद्ध स्तर से काम शुरू कराएगा। डीएम अविनाश सिंह ने सीडीओ की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित कर दी है। बरेली में करीब 15 किलोमीटर लंबी यह नदी कई गांवों से होते हुए सिंघौली गांव के निकट पीलाखार नदी में मिलती है।

कुछ दिन पहले डीएम ने सीडीओ, एसडीएम मीरगंज, बीडीओ, तहसीलदार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग के साथ मीरगंज स्थित नाहल नदी का स्थलीय निरीक्षण किया था। यह रामपुर जनपद की मिलक तहसील के धनेली पूर्वी गांव से तहसील मीरगंज के गांव लाभारी में प्रवेश करती है। लाभारी में प्रवेश के बाद गांव कुलछा, गांव सिलरापुर में गुजरते हुए गांव खमारिया सानी के पास पहुंचती और अंत में गांव सिंधौली की नदी पीला खार में गिर जाती है। वर्तमान में गांव लाभारी में पानी नहीं होने से नदी सूखी है। गांव सिंधौली के पास नाहल नदी मूल नदी के साथ मिलती है, उसी में थोड़ा पानी है। नाहल नदी का बहाव क्षेत्र मीरगंज समेत करीब 65 किलोमीटर है। कभी यह नदी आसपास के गांवों के करीब 10 हजार हेक्टेयर खेती को पानी देती थी। नौसना गांव के पास इस नदी पर भारत सरकार निधि से पुल भी बना है, जो मंडनपुर होते हुए रामपुर जनपद के भैंसोड़ी शरीफ गांव से जुड़ता है। यह रोड आज भी चलता है, लेकिन उसके नीचे से नदी गायब हो गई। नाहल नदी को पुनर्जीवित करने का संकल्प जिला प्रशासन ने लिया है। नाहल नदी को विकसित करने के उद्देश्य से सीडीओ, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम प्रशासन, डीसी मनरेगा, एसडीएम मीरगंज, बीडीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग, नलकूप खंड, राजस्व निरीक्षक, कुल्छा खुर्द, लभारी, नौसना, खरकिटी, खमरिया सानी, सिलरापुर, लेखपाल, कुल्छा खुर्द, लभारी, नौसना, खिरकिटी, खमरिया सानी, सिलरापुर, गांव कुल्छा खुर्द, लभारी, नौसना, खिरकिटी, खमरिया, सानी, सिलरापुर के प्रधान और सचिव का टास्क फोर्स गठित किया।

## तीन साल की बच्ची पर कुत्तों ने किया हमला, घायल

कार्यालय बरेली

- सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार का मामला

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में शनिवार रात करीब 9.45 बजे मां के साथ घर के बाहर गली में घूम रही तीन साल की बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मां की चीख पुकार पर परिजन दौड़े और बच्ची को बचाया। पटेल विहार राम प्यारी इंटर कॉलेज के पास सैनिक टॉय शॉप गली निवासी कल्पना देवी ने बताया कि वह गर्भवती हैं। वह खाना खाने के बाद तीन साल की बेटी अदिति और बुआ के साथ गली में टहल रही थीं। इस दौरान दो कुत्तों ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। कपड़े दातों से दबोचकर खाली प्लाट में ले जाने लगे।

कल्पना और उनकी बुआ की चीख पुकार पर परिजन दौड़े। कुत्तों से किसी तरह अदिति को बचाया। कुत्तों के हमले में बच्ची के कपड़े फट गए और हाथ पैर में पंजों के खरोच के निशान आए। लोगों के बताया कि गली में कुत्तों का आतंक है।

कुत्ते कल्पना के जेठ के बेटे को भी काट चुके हैं। लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने सोमवार को नगर निगम में शिकायत करने की बात कही है।

लोगों का कहना है कि गली में ही एक व्यक्ति ने आवारा कुत्तों को संरक्षण दिया है।

## सगे भाइयों में चले लाठी-डंडे, 5 घायल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में शुक्रवार शाम को लाठी-डंडे चल गए, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव रामपुर कलां में दो सगे भाइयों में जमीनी बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार शाम को बंटवारे को लेकर विवाद होने लगा और दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हो गई। फिर दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे। जिस विजय कुमार, नन्हेंलाल को चोट आई। पुलिस ने विजय कुमार की तहरीर पर मूलचंद, ओम प्रकाश, चंद्रपाल, विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, वहीं दूसरे पक्ष से मूलचंद की पत्नी किरन देवी ने बताया कि चंद्रपाल, ओम प्रकाश को भी चोटे लगी हैं, जिन्हें दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से मारापीट की है। मूलचंद की पत्नी किरण देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि नन्हेंलाल, विजय कुमार, मोहिनी पत्नी विजय कुमार ने उसे जमकर मारपीटा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### कलान में बंटवारे की पंचायत में चले लाठी-डंडे

**कलान, अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे की राय के चलते मामला बढ़ने पर लाठी डंडे चलने लगे। इसमें चार लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कलान के गांव बाराखुर्द निवासी अंजू पत्नी अनिल शर्मा ने बताया कि एक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद होता रहा है, लेकिन 20 जून को जमीन को लेकर विवाद कर रहे लोगों में आपसी राय से बंटवारा करने की बात बनी। इसी मुद्दे पर चर्चा हो रही थी कि अचानक विवाद बढ़ गया और जमकर लाठी झंडा चलने लगे, जिसमें एक पक्ष की अंजू पत्नी अनिल शर्मा, मुन्नी देवी पत्नी गंगादीन, अवधेश, गंगादीन घायल हो गए। पीड़िता ने रमेश, ओमवीर, विमल, अंकुल पर मुकदमा दर्ज कराया है।

### रंजिशन मारपीट में दो लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सथरा धर्मपुर में पुरानी रंजिश को लेकर गांव में रमेश यादव एवं रामकुमार सिंह यादव में शुक्रवार शाम 5 :30 बजे कहासुनी हो गई थी, जिसमें दोनों पक्षों में लाठी डंडा चलने लगे। दोनों पक्ष के कुछ लोग तो भाग गए लेकिन एक पक्ष के रमेश यादव एवं दूसरे पक्ष के रामकुमार सिंह यादव घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टैंकर चालक ने बाइक सवारों को रौदा, मां-बेटे की मौत

संवाददाता, बरेली/भमोरा

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के यहां से जन्मदिन की दावत खाकर घर लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे को भमोरा थाना क्षेत्र में टैंकर ने रौंद दिया। जिसमें पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके से भाग रहे टैंकर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

सीबीगंज के गांव पस्तोर निवासी जानकी प्रसाद अपनी पत्नी प्रीति (35) और बेटे प्रशांत (10) के साथ शुक्रवार को बिशारतगंज के गांव नूरपुर में अपने साढ़ू विजय पाल के घर जुड़वां बेटियों के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए थे। वहां से दावत खाने के बाद रात 9 बजे के करीब बाइक से पत्नी और बेटे को लेकर घर लौट रहे थे। वह भमोरा थाना क्षेत्र के कोहनी मोड़ के पास सरदार नगर की पुलिया के पास पहुंच कर रुक गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे टैंकर ने बाइक के पास खड़े मां-बेटे और उन्हें बाइक समेत रौंद दिया। जिससे मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे सरदार नगर चौकी इंचार्ज विकास यादव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही दौड़ाकर चालक को टैंकर के साथ पकड़ लिया। टैंकर चालक हादसे के समय नशे में होना बताया जा रहा है। जानकी प्रसाद ने बताया प्रशांत के अलावा एक पांच वर्षीय बेटी है।

**रामनगर मेमो ट्रेन में महिला कोच लगाने की मांग : बहेड़ी, अमृत विचार :** बरेली सिटी से रामनगर के बीच चलने वाली मेमो ट्रेन में महिला कोच लगाए जाने की मांग तेज हो गई है। समाधान दिवस में स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर रेलवे अधिकारियों से उचित कार्रवाई की अपील की। इस ट्रेन से रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं नौकरी और अन्य कार्यों के लिए यात्रा करतीं हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

प्रीति रानी कुलदीप कुमार निवासी 225 सैनिक कालौनी गली नं. 1 तुलाशेरपुर बरेली, मैं सूचित करना चाहती हूँ कि मोहल्ला आशुतोष सिटी, विहार मान नगला, परगना व तह. जिला बरेली प्लाट नं. 8 व 9 खसरा सख्या 305, 506, 507 व 509 में से 87.79 वर्ग मीटर मेरी है। इसको मूल मालिक लता आनन्द W/o प्रहलाद आनन्द जी, लता आनन्द जिनकी मृत्यु 26.2.2020 को हो गयी है। इनके दो वारिस निधी मेहरा, वैभव आनन्द है। इन दोनों के अलावा यदि कोई अन्य इस सम्पत्ति का वारिस होने का दावा करता है तो वो नोटिस प्रकाशित होने की तिथि से अगले सात दिन में अपनी आपत्ति दर्ज करावे।

स्थान बरेली 9149340959

प्रीति रानी पत्नी कुलदीप कुमार 225 सैनिक कालौनी, संजय नगर, बरेली।


## बीएससी बायो की मेरिट अगले सप्ताह तक होगी जारी

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में बीएससी बायो में प्रवेश के लिए मेरिट अगले सप्ताह जारी की जाएगी। अभी 25 जून तक आवेदन होंगे। प्रवेश समिति विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। प्रवेश समिति के अनुसार बीएससी बायो में प्रवेश के लिए 720 सीटों पर 1680 आवेदन आए हैं। छात्रों की ओर से अपलोड किए गए शैक्षिक प्रमाणपत्रों, जाति प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। बीएससी बायो समेत अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरे होने के बाद कक्षाएं संचालित होंगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट के आधार पर की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और प्रवेश पोर्टल पर नजर बनाए रखें।

## दबंगों ने व्यापारी नेता पर किया जानलेवा हमला

**नवाबगंज, अमृत विचार:** होटल पर दोस्तों के साथ शुक्रवार रात चाय पीने गए व्यापारी नेता पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर गम्भीर घायल कर दिया।

उनकी शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। व्यापारी नेता को इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया। मोहल्ला दयालपुरा निवासी राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष राजीव गुप्ता रात 10 बजे दोस्तों के साथ होटल से चाय पीकर निकले तभी दबंगों ने बेल्ट और डंडे से पीटना शुरू कर दिया। व्यापारी नेता को उनके साथियों ने बचाया। आक्रोशित व्यापारियों ने कोतवाली पहुंच कर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। व्यापारी नेता की तहरीर पर पुलिस ने हाफिजगंज के सुडयावा निवासी दिनेश गंगवार व औरंगाबाद के सूरज गंगवार के साथ ही तीन -चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया। नगर के आस पास खुले होटल दबंगों के अड्डे बनते जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी बाईपास स्थित एक रेस्टोरेन्ट पर भी कुछ इसी तरह की घटना हो चुकी है। जब परिवार के साथ बर्थ डे पार्टी कर रहे एक भाजपाई को दबंगों ने पीट। पुलिस ने मामले में शांति भंग की कार्रवाई कर निपटा दिया।



व्यापारी नेता से मारपीट करते दबंग।

## महिला से जमीन के नाम पर साढ़े 17.50 लाख की धोखाधड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ के गोमतीनगर निवासी पूनम सेन ने बताया कि 15 अप्रैल 2013 को बिथरी चैनुपर के चंदपुर बिचपुरी निवासी प्रेमवती से जमीन का इकरारनामा कराया था।

यह इकरारनामा सब रजिस्ट्रार ऑफिस बरेली में रजिस्टर्ड हुआ था। उन्होंने बताया कि जमीन पर उस समय एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा था। जिसके कारण तय हुआ था कि केस खत्म होने के एक महीने के भीतर रजिस्ट्री हो जाएगी। उन्होंने इस जमीन के बदले 17.50 लाख रुपये प्रेमवती को दिए थे। आरोप है कि केस खत्म होने के बाद भी प्रेमवती ने बैनामा नहीं किया। उन्होंने 2023 में सिविल कोर्ट बरेली में केस दाखिल किया, जो अब भी विचाराधीन है। दावा है कि प्रेमवती ने जमीन का कुछ हिस्सा पहले ही 2013 में दूसरी महिला को बेच दिया था।

## बेटों की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 18 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बेटों की नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से भांजे के साढ़ू ने करीब 18 लाख रुपये ठग लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव मोहरनिया निवासी जलांधर सिंह ने बताया कि उन्होंने हाल ही में लगभग 20 लाख रुपये में अपना एक प्लॉट बेचा था। यह रकम उन्होंने कुछ बैंक खाते में और कुछ घर पर रखी थी। इसी दौरान उनके भांजे का साढ़ू फतेहगंज पश्चिमी के घाटमपुर निवासी संजीव अपने साथी भूरे के साथ उनके घर आया। दोनों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि वे उनके बेटों की बिना किसी आवेदन प्रक्रिया के सीधे रेलवे में नौकरी लगवा देंगे। पहले तो उन्होंने इन्कार कर दिया लेकिन दोनों ने उन्हें अपनी बातों में फंसा लिया। आरोपियों ने 18 लाख रुपये की मांग की। इसके अलावा शेष छह लाख रुपये नियुक्ति पत्र मिलने के बाद मांगे। उन्होंने अपने दोनों बेटों के सभी दस्तावेजों की प्रतियां उन्हें सौंप दीं और बतौर भुगतान आठ लाख रुपये चेक और मोबाइल ट्रांसफर के माध्यम से दिए और 10 लाख रुपये नकद भी घर पर संजीव और अखिलेश को दिए गए। करीब 10-12 दिन बीतने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने फोन पर गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

## बंद मकान से गहने समेट ले गए चोर

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बंद मकान से चोर गहने चोरी कर ले गए। कस्बे के वार्ड एक आंबेडकर नगर निवासी किरन देवी ने बताया वह उसके दो बेटे पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं। 22 मई को सभी लोग घर में ताला लगाकर पंजाब चले गए। शनिवार शाम को लौटी तो देखा कमरा खुला है और बरामदे का ताला टूटा पड़ा है, यह देखकर उसके होश उड़ गए। देखने पर पता लगा कि कमरे में रखे संदूक से सोने चांदी के जेवर गायब हैं और सामान तितर-बितर पड़ा है। घर के मेन गेट का ताला जैसे के तैसा लगा रहा। चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। चोरों ने घर में बैठकर बीड़ी भी पी है। पीड़िता ने बताया कमरे के ताले की चाबी गेट के पास एक थैली में रखी थी उसी में से चाबी निकाल कर कमरे का ताला खोला है छत पर चोरों की एक चप्पल भी पड़ी है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 30/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : **1.** समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत कासगंज–भोजीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। **2.** समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत भोजीपुरा–लालकुआँ अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 9,32,31,990.77, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,16,200/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **1.** ई–निविदा दिनांक 11.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू – 128

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।


## झोलाछाप और मरीजों को बंद कर बाहर से लगाया ताला

**आंवला, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछापों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया, जिससे झोलाछापों में हड़कंप मच गया, वह अपने क्लीनिक बंद कर भाग निकले। एक झोलाछाप ने मरीजों के साथ अपने क्लीनिक का शटर अंदर से बंद कर लिया। टीम नोटिस चस्पा कर क्लीनिक में बाहर से ताला लगाकर लौट गई। गर्मी लगने पर मरीज और झोलाछाप के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस बुला ली। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 2 घंटे बाद ताला खोलकर उन्हें बाहर निकाला और झोलाछाप को अपने साथ ले गई।

भमोरा के गांव सेंधा में शनिवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा की टीम ने झोलाछापों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। सूचना पर झोलाछाप अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गये। इस बीच एक झोलाछाप के क्लीनिक में मरीजों का इलाज चल रहा था। झोलाछाप ने क्लीनिक के शटर को अंदर से बंद कर लिया। टीम ने क्लीनिक बंद देख उसके बाहर नोटिस चस्पा किया और शटर में बाहर से ताला लगाकर वापस लौट गई। दोपहर के समय भीषण गर्मी के चलते क्लीनिक में परेशानी होने लगी। झोलाछाप और मरीज चिल्लाने लगे। वह बाहर निकालने के लिए लोगों से मिन्नतें करने लगे। झोलाछाप ने अपने परिचितों को फोन कर बाहर निकलवाने की गुहार लगाई। इसी बीच क्लीनिक के बाहर भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस और एक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को सूचना दी। जनप्रतिनिधि की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस के साथ गांव पहुंची और दो घंटे बाद झोलाछाप और मरीजों को क्लीनिक के बाहर निकाला। टीम झोलाछाप को अपने साथ ले गयी।

**चेकिंग अभियान में टीम की भूमिका संदिग्ध :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए गए चेकिंग अभियान में टीम की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सेंधा गांव में करीब 6 से 10 झोलाछाप क्लीनिक चला रहे हैं। परंतु टीम ने मात्र प्रेम मौर्य और झर्रा के ही क्लीनिक पर नोटिस चस्पा किए है। नोटिस में कम से कम तीन दिन का समय दिया जाता है। परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा के चिकित्सा अधीक्षक की ओर से 12:45 बजे जारी नोटिस में दोपहर 2 बजे तक मात्र एक घंटा 15 मिनट में शैक्षिक प्रमाणपत्र अथवा क्लीनिक से संबंधित प्रपत्र भमोरा स्वास्थ्य केंद्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये है।

**कार्रवाई अथवा खानापूर्ति :** स्वास्थ्य विभाग विभिन्न अभियान चलाकर झोलाछाप, अवैध अस्पताल, अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटर, लैबों पर कार्रवाई का दावा करता है। परंतु हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। आंवला नगर में कुछ समय पूर्व कुछ अवैध अस्पताल सीज किए गये थे। जिन्हें बाद में क्लीन चिट दे दी गयी। इसी क्रम में बीती 28 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला के तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक ने 22 अवैध अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों लैबों आदि को नोटिस जारी किए थे।



झोलाछाप की क्लीनिक के बाहर लगा ताला। ● अमृत विचार

## सवा साल से गैरहाजिर मुख्य आरक्षी निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** बिना सूचना दिए सवा साल से ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर सिरौली थाने में तैनात मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को एसएसपी अनुराग आर्य ने निलंबित कर दिया। साथ ही उसके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को पिछले साल 12 सितंबर को केंद्रीय कारागार की सुरक्षा ड्यूटी के लिए रवाना किया गया था। 7 नवंबर को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह इज्जतनगर थाने से सिरौली के लिए रवाना हुआ, लेकिन इसके बाद उसने थाने में वापसी दर्ज नहीं कराई। वह तब से कृपाल सिंह गैरहाजिर था। उसने इससे संबंधित कोई सूचना भी थाने पर नहीं दी। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने अनुशासनहीनता और कदाचार करने पर मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को निलंबित कर दिया है।

**बुलडोजर ने अवैध कॉलोनी को ढहाया : फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र में नगर के पास नई कॉलोनियां बस रही हैं, एक अवैध कॉलोनी को बीडीए के दस्ते ने ढहा दिया। नक्शा स्वीकृत होने के बाद भी अवैध बताकर बुलडोजर चला दिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस), लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं0: M/DSL/IZN/TC/OT/97 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रिपेयर ऑफ एयर कन्डीशनिंग इक्यूपमेंट फॉर ड्राइवर कैब्स ऑफ एच0एच0पी0 लोकोमोटिव्स ऑफ लोको शेड, इज्जतनगर। **कार्य की अनुमानित लागत (रु0 में):** ₹ 29,26,400/-(सभी कर सहित), **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी (रु0 में):** ₹ 58,500/-, **कुल मात्रा:** 08 अदद, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रूपये 0.00 (शून्य), **कार्य की अवधि:** 01 वर्ष। **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.07.2025 को समय 15:00 बजे। **नोट-1.** निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 15.07.2025 को समय 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। **2.** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(टीआरएस) लोको शेड, इज्जतनगर

मुजाधि/विद्युत-62

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



शोध निदेशालय

Directorate of Research

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly

Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in

**Ph.D. Admission Notice**

Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.

REGISTRAR

## एक नजर

### एमबीबीएस डॉक्टरों को सीएमओ के पास देनी होगी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अनिवार्य सेवा बांड के तहत नियुक्ति पाने वाले नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां ज्वाइनिंग देनी होगी। अन्य सभी को चिकित्सा संस्थान व संबंधित मेडिकल कॉलेज में समस्त प्रपत्रों के साथ ज्वाइनिंग देनी होगी। उक्त निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत सभी को काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए तैनात किया गया है।

### परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर आगामी सितंबर माह में जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों की होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गयी है, शुल्क जमा न होने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्देश उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आगामी सितंबर माह में आयोजित होंगी। साथ ही सचिव ने बताया कि शुल्क यदि एनईएफटी व आरटीजीएस चालान के माध्यम से जमा करना हो तो 15 जुलाई शाम पांच बजे तक चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

### अगले वर्ष की काउंसिलिंग से 12 छात्र प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी काउंसिलिंग 2024-25 में स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी, साथ ही आगामी नीट पीजी 2025-26 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले नौ अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए दिए हैं। साथ ही दंत संकाय में दाखिला न लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की भी सूची प्रकाशित कर अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

# योग के जरिए गंभीर रोगों से मुक्ति संभव : राज्यपाल

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : राजभवन में राज्यपाल समेत एक हजार लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत एक हजार लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में विशाखापतनम में हुए योग समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग के माध्यम से गंभीर रोगों से मुक्ति संभव है।

सुबह 6 बजे से राजभवन के बड़े लॉन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वयं योग साधकों के साथ प्रतिभाग किया और योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है।

कार्यक्रम में आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह आदि शामिल हुए।



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

### योग अब वैश्विक चेतना का हिस्सा : दयाशंकर

**अमृत विचार :** आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भारत की सनातन विद्या, परंपरा और विरासत को सम्पूर्ण विश्व ने सहर्ष स्वीकार किया है। योग अब केवल भारत की पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुका है। योग को शरीर और आत्मा के मध्य सेतु बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है।

### योग स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग : जयवीर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को प्रात: आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने सभी से नियमित योग करने का सुझाव दिया।



लखनऊ के कैंट क्षेत्र में आयोजित योग शिविर में शामिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार



आगरा में सामूहिक योगाभ्यास करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

# विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति न बने पढ़ाई में बाधा : मुख्यमंत्री

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की समीक्षा बैठक में कहा कि संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का



गोरखपुर में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

वाहक बनाएं। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन,

- **समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर : मुख्यमंत्री**

समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए, ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

### श्रावस्ती, गोंडा में लंबित मामले अधिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग ने 1 जनवरी 2025 से 10 जून 2025 की अवधि में डीएल नवीनीकरण आवेदनों की समीक्षा की। कुल 4,05,661 आवेदन में से 4,02,524 (99.23 फीसदी) का समयबद्ध निस्तारण हुआ। हालांकि श्रावस्ती, गोंडा और बलरामपुर जैसे जिलों में लंबित मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक रही है।

परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि श्रावस्ती में 5.67 फीसदी (547 में 31 आवेदन), गोंडा में 5.37 फीसदी (2,921 में 157 आवेदन) और बलरामपुर में 4.85 फीसदी (1,299 में 63 आवेदन) लंबित रहे।

# केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग कर रहे लोकतंत्र को कमजोर: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार व भारत निर्वाचन आयोग दोनों मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएन शेषन के समय में निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की निष्पक्षता व पारदर्शिता का प्रतीक था, पर आज सवालों के घेरे में है।

निर्वाचन आयोग की ओर से हाल ही में चुनाव से संबंधित वीडियो,

- **चुनाव से संबंधित वीडियो फुटेज और रिकॉर्डिंग को 45 दिन में डिलीट करने के निर्देश पर सवाल**

फुटेज और रिकॉर्डिंग को एक साल की बजाय महज 45 दिन में डिलीट करने का निर्देश दिया गया। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर बड़ा हमला है।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने बार-बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में पारदर्शिता की कमी और संदिग्ध अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र में 2 घंटे में 65 लाख वोट डालने का दावा शारीरिक रूप से असंभव है। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने न केवल इन सवालों का संतोषजनक जवाब देना जरूरी नहीं समझा, बल्कि अब सबूतों को ही मिटाने की जल्दबाजी दिखा रहा है।

**कांग्रेस में शामिल :** सामाजिक कार्यकर्ता नवाब सलीम खान व मोहम्मद नासिर खान शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस नेता एफएएस चर्चिल के नेतृत्व में दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सलाहकार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ग्रांट थॉर्नटन कंपनी पूर्व में दे चुकी है गलत रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ब्रिटेन की निजी कंपनी ग्रांट थॉर्नटन चर्चित विजय माल्या की किंग फिशर पर गलत रिपोर्ट दे चुकी है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में वित्तीय खामियों के बाद सलाहकार कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच, बताया जा रहा है कि नियामक आयोग सरकार को जल्द ही वृहद रिपोर्ट पेश करेगा।निजी कंपनी के मसौदे में खामियां बताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विवादित सलाहकार कंपनी ने विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कंपनी का मूल्यांकन बढ़ा-चढ़ाकर 3406 करोड़ बताया था, जबकि ब्रांड फाइनेंस ने इसका सही मूल्यांकन 1911 करोड़ किया था।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने उन वरिष्ठ अधिकारियों को चिन्हित किया जाय, जिनके जरिये देश के निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्ति को कम आकलित किया गया और टेंडर के मसौदे पर नियामक आयोग से सहमति लेने की कोशिश की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

### सलाहकार कंपनी ने कम आंका ऊर्जा निगमों की संपत्ति को

**अमृत विचार :** उपभोक्ता परिषद का कहना है कि निजी सलाहकार कंपनी के जरिये पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की संपत्ति को कम आंका गया है। निगमों का इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। सलाहकार कंपनी ने इक्विटी कैपिटल शेयर के आधार पर ज्यादातर इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में कन्वर्ट कर मात्र 6000 से 7000 करोड़ की इक्विटी को आधार बनाया और प्रस्तावित पांच नई बिजली कंपनियों की अधिकतम रिजर्व विद प्राइस लागत 1300 से अधिकतम 1600 करोड़ बताया। इक्विटी के आधार पर इसका मूल्यांकन निकाला जाय तो कम से कम एक-एक नई बिजली कंपनी की रिजर्व विद प्राइस 3500 से 4000 करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए। निगमों की जमीन की कीमत कई अरब है। दोनों बिजली कंपनियों की एक लाख करोड़ से ज्यादा की कुल सम्पत्ति है।

# थाने के सामने हो रही हत्या : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं। गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गए व्यक्ति की हत्या हो गयी। महिलाएं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस वसूली करते पकड़ी जा रही है। हर जिले से वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश के टॉप-टेन माफिया की सूची तो जारी नहीं की। कम से कम इन्हें जिलों के ही टॉप-टेन माफिया की सूची जारी कर देनी चाहिए।

### वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े 17,557 कार्य किए गए पूरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में योगी सरकार ने 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन 2025' के तहत उपलब्धियां दर्ज की हैं। 22 मार्च से 13 जून 2025 के बीच कुल 17,557 जल-संरक्षण कार्य या तो पूर्ण हो चुके हैं या प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से जन-जागरूकता का पर्याय बन गया है।

### 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार गोरखपुर सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है।

# औद्योगिक भूखंड आवंटन की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की कनेक्टिविटी होते ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होने वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। इस बीच शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

- **शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान मंजूर किया**

बीते 8 साल में योगी सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों, प्रोत्साहन और लगातार सुदृढ़ हुई रोड कनेक्टिविटी से गोरखपुर निवेशकों को खासा पसंद आया है। धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों को भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और अब तक 600 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस

- **शुरुआती चरण में दो सेक्टर में लगेंगे उद्योग, अडानी ग्रुप ने भी मांगी है जमीन**

इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गेम चेंजर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के नजदीक होने के चलते इंडस्ट्रियल टाउनशिप निवेशकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। अडानी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखी है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है। यही नहीं सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि जल्द ही यहां औद्योगिक भूखंडों का आवंटन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक शुरुआती दौर में दो औद्योगिक सेक्टर्स में जमीनों का आवंटन किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया साथ-साथ चलती रहेगी।


## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।
3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।
4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।
6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा
8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।
9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।
2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत
4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।
5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।
7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 जा | ■ |
| ■ | 2 दि | ■ | 3 अं | ज | न | क |
| ■ | 4 वां | टे | ड | ■ | का | ■ |
| 5 पो | ध | ■ | बं | ■ | री | ■ |
| ■ | ■ | 6 कं | ड | रा | ■ | 7 सो |
| 8 मू | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ह |
| ढ़ी | ■ | ली | ■ | 9 बु | न | ना |

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.38 तक तत्पश्चात कृतिका।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृष** — आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।

**कन्या** — आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।

**तुला** — आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।

**कुंभ** — आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मीन** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई ।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

## सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में तय कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की पहचान हो सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है। आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

## वायुसेना ने दान किए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4.86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

## सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।



शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट

लीड्स, एजेंसी

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।


इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

## एक नजर

### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)** : सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)** : माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।


**विदाई** : श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका)** : भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

● **कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन**



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी** : भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

## साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स** : इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

लीड्स, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी** : शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।

सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।



## महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम)** : भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग


ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

पेरिस, एजेंसी

● **88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा**

● **नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण**



नीरज चोपड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

# भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

**न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी**

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही।

यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है। वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### इजराइली हवाई हमले में नसरल्लाह के अंगरक्षक की मौत: हिजबुल्ला

**दुबई।** ईरान पर हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला के दिवंगत नेता हसन नसरल्लाह की सुरक्षा के प्रमुख रहे अबू अली खलील भी मारा गया। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने बताया कि अबू अली खलील, जिसे अबू अली जवाद के नाम से जाना जाता है, की हत्या पड़ोसी इराक से ईरान जाने के बाद की गई। कई सालों तक अबू अली को नसरल्लाह के अधिकतर सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनके पीछे देखा जाता था। सितंबर में बेरूत के एक उपनगर में इजराइली हवाई हमले में नसरल्लाह के मारे जाने के बाद, उनके अंगरक्षक को बेरूत में उनकी कब्र की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया। हिजबुल्ला अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि अबू अली की मौत शनिवार सुबह हुई।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।


# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तैयारी** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स : एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्ट्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।